

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार, 06 अप्रैल 2025 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-008 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 07 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## अनुष्ठान और तप...

✍ प्रकाश शर्मा

बाल्मीकि रामायण में उल्लेख है कि किष्किंधा के ऋष्यमूक पर्वत पर लंका की चढ़ाई करने के पूर्व प्रभु राम ने माता दुर्गा की उपासना की थी। दरअसल ब्रह्माजी ने भगवान राम को देवी दुर्गा स्वरूप चंडी देवी की पूजा करने की सलाह दी थी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक चंडी देवी की निराहार रहकर उपासना व पाठ किया था। हिन्दू नववर्ष के अनुसार आज रामनवमीं है और चैत्र नवरात्रि यानी दुर्गा नवमी का समापन का दिन है। भगवान विष्णु ने त्रेता युग में आज ही के दिन प्रभु राम बाल रूप में पृथ्वी में अवतार लिया था। प्रभु ने भू-लोक में सांसारिक लोगों को मर्यादा का पाठ पढ़ाने जन्म लिया था। स्वयं भगवान राम ने बैकुंठ जाने के पूर्व अत्यंत कष्ट सहकर भी समस्त छोटी-बड़ी मर्यादाओं का पालन किया था। वह इसलिए कि मानव जाति के दायरे में रहे। लेकिन आधुनिक युग की बात करें तो झूठ, ठगी, धोखेबाजी, वादाखिलाफी, माता-पिता का आदेश न मानना, सेवा न करना, वृद्धाश्रम में छोडना, घपले-घोटाले, भ्रष्टाचार, बेईमानी, चोरी-डकैती, परस्त्रीगमन, बलात्कार, जनता के प्रति जवाबदेह न होना सहित तमाम अवगुण को मर्यादा की श्रेणी मान लिया गया। सरकारें, जनप्रतिनिधियों, आम लोग सहित पूरी दुनिया इन अवगुणों से लदी पड़ी है। वहीं दूसरी और हमारे देश में रामराज लाने की बात कही जाती है। ये कैसे संभव है? भला नदी के एक ही घाट में शेर व बकरी के पानी पीने की कल्पना की जा सकती है? पिछले दिनों घपले-घोटालों के अथाह अंकों वाले जो मामले सामने आए हैं और कार्रवाइयां हुई है उससे आत्मग्लानि होने लगती है कि क्या यही प्रभु राम का देश है? क्या ऐसे ही बनाएंगे ईमानदार राष्ट्र? न जाने कितनी ही रामनवमीं मना चुके हैं हम, किंतु दुर्भाग्य कि रामचन्द्र जी के एक भी आदर्श को आत्मसात नहीं कर पाए। अच्छा बहाना है कि यह कलयुग का कुप्रभाव है। अंतरिक्ष और चांद-सितारों की दूरी तो नाप लिए तो क्या अपने कुचरित्र को बदलकर कलयुग के प्रभाव को समाप्त नहीं कर सकते? पीत पत्रकारिता के कुप्रभाव को खत्म करने रामनवमीं के ही दिन तरुण छत्तीसगढ़ ने खबरों की दुनिया में अवतार लिया था। तब न तो मृदंग बजे थे और न ही ढोल-ताशे। आम आदमी का अपना अखबार बनकर तरुण छत्तीसगढ़ 40 वर्षों से निरन्तर खामोशी से राष्ट्र की सेवा करता आ रहा है। श्वेत-धवल कागज में छपे शब्द ही इस अखबार की जुबान है। 'हाथ कंगन को आरसी क्या' तरुण छत्तीसगढ़ के पुराने से पुराने अंक बयान करते हैं कि 'वनवास' (आर्थिक संकट) के दौरान भी तरुण छत्तीसगढ़ ने छल-कपट का सहारा नहीं लिया था, जिसे खबर पालिका के शब्दों में पीत पत्रकारिता या ब्लैक मेंलिंग कहते हैं।



कभी किसी की आत्मा को जाने-अनजाने पीड़ा पहुंची तो इस सहृदय अखबार ने दिल बड़ा कर खेद प्रकट करने में कोताही भी नहीं बरती। कठिन अनुष्ठान व तपस्या से ही सफलता मिलती है। देवी की उपासना कर दशरथनंदन ने लंका पर विजय प्राप्त की थी। रामनवमीं के दिन जन्म लेकर तरुण छत्तीसगढ़ भी मर्यादाओं को ध्यान में रखकर अपने पाठकों की सेवा खबरों के अबीर-चंदन से ही तो कर रहा है। समाचार पत्र का प्रकाशन किसी अनुष्ठान और तपस्या से कम नहीं है। महीनों-सालों निराहार जैसे दौर भी आए। तरुण छत्तीसगढ़ को अपनी यात्रा में शबरी, सुग्रीव, बाली, हनुमान, अंगद, विभीषण मिले तो मारिच, मेघनाथ, शूर्पनखा जैसे राक्षसवंशियों से भी सामना हुआ। कहते हैं न कि सत्य को परेशान किया जा सकता है, पराजित नहीं। हम सत्य के साथ रहे तभी तो हारे नहीं। राम भी सच के साथ थे। राम तो ईश्वर थे। वे मानव जाति को सदाशयता और मानवता का पाठ पढ़ाने लीला कर रहे थे। किंतु तरुण छत्तीसगढ़ तो सचमुच में रावण जैसे कष्टों से लोहा लेने निकल पड़ा था, वह भी निःशस्त्र। सत्य के रास्ते में तकलीफें तो खूब आई किंतु उस जिद्दी व जीवट किस्म के छोटे कद के इंसान (श्री कौशल किशोर मिश्र) ने रामेश्वरम (रजबंधा मैदान) में शिवलिंग का अपने श्रमजल से अभिषेक कर सफलता (जमीन की लड़ाई) हासिल कर ली है। वैसे रामेश्वरम में सागर किनारे न सही लेकिन ग्राम तुलसी (पाटन) में खारुन नदी के तट पर शिवधाम का निर्माण किया गया है। प्रभु राम की भक्ति में लीन होकर तरुण छत्तीसगढ़ का प्रकाशन शुरू हुआ। इस समाचार पत्र का अवतरण आम लोगों तक साफ सुथरी, बिना लागलपेट के सच्ची और तात्कालिक खबरें परोसना है। समाज को नैतिकता का पाठ पढ़ाकर भटके हुए लोगों की आंखें खोलना है। साहित्य सेवा तो है ही। यह केवल शब्दों का मायाजाल नहीं है बल्कि शब्दों के संसार के जरिए राष्ट्र भक्ति है।

**राम नवमी की बधाई....**

# अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक से अभिषेक

**अयोध्या, 6 अप्रैल।** रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या में एक दिव्य क्षण देखने को मिला, जब सूर्य की किरणों ने भगवान राम के माथे को रोशन किया। भगवान राम का सूर्य तिलक ठीक दोपहर 12 बजे हुआ। दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें रामलला की मूर्ति के माथे पर पड़ीं और एक दिव्य तिलक बना।

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में राम नवमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस खास दिन के पावन अवसर पर अयोध्या के राम मंदिर में दिव्य नजारा देखने को मिला। राम नवमी



के पावन अवसर पर राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला को 'सूर्य तिलक' किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को राम नवमी की बधाई देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जीवन में मर्यादित आचरण और हर परिस्थिति में धैर्यवान होकर चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या में एक दिव्य क्षण देखने को मिला, जब सूर्य की किरणों ने भगवान राम के माथे को रोशन किया। भगवान राम का सूर्य तिलक ठीक दोपहर 12 बजे हुआ। दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें रामलला की मूर्ति के माथे पर पड़ीं और एक दिव्य तिलक बना।

राम नवमी के दिन दोपहर ठीक 12 बजे 'सूर्य तिलक' किया गया, जब सूर्य की किरणें राम लला की मूर्ति के माथे पर पड़ती हैं, जिससे एक दिव्य तिलक बनता है।

## भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**रायपुर, 6 अप्रैल।** भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में आज संगठन महामंत्री पवन साय द्वारा भाजपा का झंडा फहराया गया, इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा,विधायक राजेश मूणत, मोती साहू, संपत अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग सिंह देव, राजीव अग्रवाल, डॉक्टर सलीम राज,प्रफुल्ल विश्वकर्मा, अशोक बजाज सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा का ध्वज फहराया।



## नक्सल लीडर प्रभाकर के दो सहयोगी गिरफ्तार

**कांकेर, 6 अप्रैल।** नक्सल लीडर प्रभाकर के दो सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दोनों नक्सली रमेश कुमार और चिन्तु ताम्रकार अनेक घटनाओं में प्रभाकर के साथ रह चुके हैं. इन पर प्रभाकर को इलाज के लिए शहर ले जाने एवं उसकी पत्नी रावघाट एरिया कमेटी कमांडर राजे कांगे को आश्रय देने का आरोप है।

## ओबीसी के लिए 27% आरक्षण की मांग

**भोपाल, 6 अप्रैल।** अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई की महत्वपूर्ण बैठक हाल ही में को इंदौर में आयोजित की गई। राष्ट्रीय समिति के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक का नेतृत्व राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम ने किया, जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल भी शामिल रहे। बैठक में प्रदेश भर के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की गई। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अखिलेश पटेल ने केंद्रीय मंत्री और अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि ÷सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी के लिए आरक्षण को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

**विसर्जन**



**रायपुर, 6 अप्रैल।** नवरात्रि के समापन पर आज राजधानी में शोभायात्रा निकालकर जंवारा का विसर्जन किया गया।

## देश को मिला हाईटेक सी-ब्रिज पीएम मोदी ने किया उद्घाटन



**रामेश्वरम, 6 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रामनवमी के अवसर पर तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज का उद्घाटन किया। पंबन नाम से मशहूर इस रेल ब्रिज को 550 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। उद्घाटन के मौके पर पीएम मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव भी नजर आए, जबकि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन मौके से गायब रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के समापन के बाद पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि राम नवमी के अवसर पर अयोध्या में सूर्य तिलक के समय ही उन्हें राम सेतु देखने को मिला, इसे उन्होंने दिव्य संयोग बताया।




















एक नजर

## अंकुश ने किया दुनिया की सबसे छोटी मूर्ति का निर्माण



**भिलाई, 6 अप्रैल।** नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा और उनके परिवार की एक सेंटीमीटर दुनिया की सबसे छोटी मूर्ति का निर्माण सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डा. अंकुश देवांगन ने किया है। संगमरमर पत्थर को तराश कर बनाया गया इस मूर्ति में भगवान शंकर मां पार्वती तथा बीच में भगवान् श्री गणेश भी बाल रूप में दृश्यमान हो रहे हैं। मूर्ति में भगवान शंकर का त्रिशूल और जटा से गिरती गंगा स्पष्ट है वहीं मां पार्वती और भगवान गणेश को भी कलाकार ने अभय मुद्रा में बड़े ही करीने से तराशा है। चित्र में छोटी सी बच्ची अपने उंगली के नाखून पर रखकर इस मूर्ति को प्रदर्शित कर रहा है।

## नर्स ने खुदकुशी की

**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कालेज कचांदुर में पदस्थ नर्स नेहा राय ने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली प्रारंभिक जांच में पता चला है कि नर्स -ने अपनी तीन साल की बेटी के सामने ही कमरे में फांसी लगाई थी जिसे उसकी बेटी ने देख लिया और उसके बाद से उसकी भी तबीयत बिगड़ गई है नर्स ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसके आधार पर जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने जांच शुरू की है अनुसार नर्स नेहा मनेंद्रगढ़ की रहने वाली थी वह यहां पर बेटी के साथ रहकर मेडिकल कालेज में काम करती थी उसने कमरे में फांसी लगा ली। उसके साथ काम करने वाले अन्य कर्मचारियों ने उसे फांसी लगाने के तुरंत बाद फंदे से नीचे उतारा और मेडिकल कालेज में ले गए लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है हालांकि इसमें लिखी बातें अभी तक बाहर नहीं आ सकी है।

## दो जगह नगदी,जेवरात की चोरी

**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई स्मृति नगर चौकी अंतर्गत चोरी की दो वारदात सामने आई है पहली घटना में युवक परिवार समेत शहर से बाहर गया इस बीच रात में चोर सोने-चांदी के गहने चुरा ले गए दूसरी घटना में मंदिर की दान पेटी को तोड़कर नगदी चोरी कर ले गए। स्मृतिनगर पुलिस ने बताया कि आर्य नगर निवासी टीकम वर्मा सब्जी दुकान चलाता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह गुरुवार सुबह करीब 9 बजे घर का ताला लगाकर परिवार सहित ग्राम आमगांव, छुईखदान चला गया बड़े भाई की पत्नी संतोषी वर्मा ने कॉल कर बताया कि उसके घर के मेन गेट का दरवाजा खुला है अंदर रूम में जाकर देखा तो आलमारी का लॉकर भी टूटा मिला। आलमारी में रखे एक सोने चांदी के जेवरात सहित 8 हजार रुपए गायब थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। वहीं दूसरे मामले में मॉडल टाउन निवासी राकेश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके मोहल्ले में प्राचीन शिव मंदिर है बीती रात करीब 1.30 बजे भागवत गुप्ता ने उसे कॉल कर बताया कि मंदिर के अंदर कोई अज्ञात चोर दीवार फांद कर अंदर घुसा हुआ है तब मोहल्ले के आसपास वाले लोगों बुलाकर मंदिर में जाकर देखे तो राधा कृष्ण मंदिर की दान पेटी टूटा मिली।

## युवती ने आत्महत्या की

**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई राधिका नगर सुपेला निवासी 18 वर्षीय अरीना करत नाम की युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुपेला पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस ने बताया कि मृतक 12वीं की छात्रा थीं प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उसकी तबीयत खराब रहती थी और इस साल उसका पेपर भी बिगड़ गया था जिसके चलते वह परेशान रहती थी आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं कारणों के चलते उसने फांसी लगाई होगी।

## प्रणव शर्मा ने सभापति निर्वाचित होने पर आभार व्यक्त किया



**उतई, 6 अप्रैल।** जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र क्रमांक 3 से पाटन जनपद में सबसे अधिक मतों से विजई नव निर्वाचित समाजसेवी शिक्षाविद युवा जनपद सदस्य प्रणव शर्मा ने जनपद पंचायत पाटन में सभापति (वन एवं पर्यावरण विभाग) निर्वाचित होने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व, माननीय सांसद महोदय विजय बघेल जी, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक जी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जी, जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक जी, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा जी, जिला पंचायत सभापति नीलम चंद्राकर जी, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर जी, कमलेश चंद्राकर जी, ज्योतिप्रकाश साहू जी, कमलेश साहू जी, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर जी, राजा पाठक जी, महामंत्री अखिलेश मिश्रा जी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर जी, खेमलाल साहू जी, लालेश्वर साहू जी एवं सभी जनपद सदस्य व सभी भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का सहृदय आभार व्यक्त किया है।

## जल जीवन मिशन के तहत कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**दुर्ग, 6 अप्रैल।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज/मल्टिविलेज में जल प्रदाय योजना के कार्यों, जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में स्त्रोत निर्माण, रेट्रोफिटिंग, क्रेडा विभाग द्वारा सोलर तकनीक से ग्रामों में पेयजल संबंधित योजनाओं की स्थिति व पानी टंकी निर्माण तथा हर घर जल प्रमाणीकरण पर विस्तार से चर्चा की।

# लोकांगन में 5100 कन्याओं का विधायक ने पैर पखार आलता लगाया, चुनरी ओढ़ कर कन्याओं ने ग्रहण किया भोज, दक्षिणा-उपहार ले दिया आशीष



**भिलाई नगर, 6 अप्रैल।** आज चैत्र नवरात्रि का अष्टमी पर्व वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा वैशाली नगर स्थित लोकांगन में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्री सेन ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन कर, उन्हें चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया तथा दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया।

आपको बता दें कि आज इस भव्य कार्यक्रम में वैशाली नगर विधानसभा की 5100 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। विधायक रिकेश ने कहा कि हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार अष्टमी तिथि देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी को समर्पित होती है। इस पावन अवसर पर मैंने 5 हजार 100 कन्याओं के पैर निर्मल जल से पखार कर आलता लगाने के बाद उनका पूजन कर उन्हें माता की चुनरी ओढ़ाई और भोजन करा उपहार भेंट किया है। सेन ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी हमने कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया है। पिछले 20 वर्षों से साल में दो बार वो यह आयोजन करते आ रहे हैं। इस बार कन्या पूजन समारोह भव्य स्वरूप में हो रहा है नतीजतन भिलाई से 5 हजार 100 कन्याएं आज पहुंची हैं। मां दुर्गा की आराधना को समर्पित यह पर्व शक्ति, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। मातारानी सभी पर कृपादृष्टि बनाए रखें। कन्या पूजन के दौरान विधायक रिकेश ने सभी बच्चियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और स्कूल के संबंध में जानकारी भी ली। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जिस समाज में महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा मिलती है, वह समाज स्वयं समृद्ध और सुरक्षित हो जाता है। सनातन धर्म की परंपरा में हमारे वेद ग्रंथ में इस बात का उल्लेख है। हमारे देश में नारी सम्मान और आज के दिन कन्या पूजन की जो झलक पूरे विश्व को जाती है, वह महिला सशक्तिकरण, सम्मान और हमारे सनातन धर्म की प्रतिष्ठा को स्थापित करता है।



## जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने मां शीतला मंदिर में पूजा की

**कवर्धा, 6 अप्रैल।** जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने मां शीतला मंदिर पोड़ी पहुंचकर मां शीतला माता की पूजा की । जिलेवासियों के जीवन में शांति सुख समृद्धि आए जिसके लिए मनोकामना की ।

## रिटायर एजीएम से 15 लाख की ठगी

**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई सीबीआई और ईडी की गिरफ्तारी का डर दिखाकर बीएसपी से सेवानिवृत्त एजीएम गोवर्धन लाल धुरंधर से साइबर ठगों ने 15 लाख 74 रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने उन्हें 9 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और डर के माहौल में फंसाकर उनकी राष्ट्रीय बचत पत्र तोड़वा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि उमरपोटी बेदांतनगर निवासी गोवर्धन लाल को 26 मार्च दोपहर करीब 1 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया उसने खुद को ट्राई अधिकारी रितेश राव बताया और कहा कि गोवर्धन के नाम से मुंबई में एक सिम कार्ड एक्टिव हुआ है, जिससे करीब 7 करोड़ रुपए का अवैध ट्रांजेक्शन हुआ है ने यह भी कहा कि इस मामले की जांच सीबीआई, ईडी और मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही है और उन्हें दो घंटे के भीतर मुंबई पहुंचना होगा, वरना गिरफ्तारी तय है डर की वजह से तो के जाल में फंसे एजीएम पुलिस ने बताया कि डर के मारे गोवर्धन ठगों के जाल में फंस गए उन्हें वीडियो कॉल के जरिए नकली सीबीआई, ईडी और कोर्ट अधिकारियों को दिखाया गया, जिससे वह और ज्यादा घबरा गए। 26 मार्च से 4 अप्रैल तक उन्हें डिजिटल अरेस्ट में रखा गया। इस दौरान उन्हें घर से बाहर निकलने नहीं दिया गया और मोबाइल पर लगातार निगरानी की जाती रही 3 अप्रैल को राष्ट्रीय बचत पत्र को तुड़वाया3 अप्रैल को गोवर्धन ने भिलाई एसबीआई ब्रांच जाकर अपनी राष्ट्रीय बचत पत्र को तोड़वाया और ठगों द्वारा दिए गए खाते में आरटीजीएस के जरिए 15 लाख 74 रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्हें धमकी दी गई कि इस पूरी घटना की जानकारी किसी को न दें फाइनेंशियल सलाहकार ने बताया साइबर ठगी के हुए शिकारजब गोवर्धन ने इस बारे में अपने बेटे और फाइनेंशियल सलाहकार को बताया, तब उन्हें समझ आया कि यह एक साइबर ठगी है इसके बाद उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई और थाने पहुंचकर एफआईआर करवाई पुलिस के अनुसार, यह मामला हाई-प्रोफाइल साइबर ठगी का है, जिसमें पीड़ित को पूरी तरह मानसिक दबाव में रखकर धन की उगाही की गई पुलिस तकनीकी जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा कर रही है

## बाबा दरबार धनोरा में मनाई गई महाअष्टमी



**उतई, 6 अप्रैल।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व पर महाअष्टमी हवन का कार्यक्रम संपन्न किया गया पंडित विनय शर्मा एवं दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी के द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ किया गया तत् पस्चात मंत्र उच्चारण के साथ दरबार में आए भक्तों ने हवन कुंड में सांखला डाला इस हवन मे मुख्य यजमान श्री मनसुखा साहू श्रीमती लक्ष्मी साहू रहे इस दौरान श्री विनोद साहू जी राजू यादव मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा भोलू खिलेशवर साहू सुनील कहार सुंदर स्प्रे दिनेश साहू योगेश साहू बाबू लाल साहू जीवराखन ठेकेदार दिनेश यादव ललित साहू गुलाब साहू चंद्र कांत देवांगन कल्याण देवांगन मारियल कुंभकरण पटेल शिवचरण साहू मुनना गंधर्व रोशन साहू सुंदर स्प्रे वासुदेव स्प्रे केदारनाथ मंडल राजू देशमुख कुंज लाल साहू श्रीमती बबीता साहू ललिता यादव देवकी साहू नीरा साहू दुर्गा साहू प्रमिला साहू देवश्री साहू अंजू देवांगन मंजू साहू पार्वती मंडलिन रुक्मणी साहू प्रभा साहू लक्ष्मी साहू हितेश पटेल कौशिलिया सेन सुनीता साहू संगीता स्प्रे उपसरपंच मुंगा स्प्रे रेखा पटेल कु पुजा कु बेदू कु सुरुची कु नेहा कु डिम्पल साहू कु नेहा टिकेशवरी साहू डॉ धनेशवर साहू नंद पंडा नोहर साहू रुपलाल साहू आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे हवन के बाद माता रानी का आरती किया तत् पशचात प्रसाद वितरण किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया गया रविवार को शाम 4 बजे दरबार से ज्योति कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी जो बजरंग पारा बजार चौक मेनगली शितला तालाब पहुंचे गा जहां पर विसजर्न किया जाएगा यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी



## नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने की विनम्र अपील की

**कवर्धा, 6 अप्रैल।** बच्चों और युवाओं में गुटखा खाने और शराब पीने की बढ़ती आदत कैंसर और लीवर खराब होने की बीमारी बन सकती है जो की कई डॉक्टरों की राय है । नशा मुक्त अभियान के प्रति समाज कल्याण विभाग अच्छा काम कर रही है । जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू और पूर्व विधायक अशोक साहू ओर जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट और भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी और रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टर अतुल जैन और श्रीमती संगीता जैन और हरितिमा टिम सदस्य सुनील जैन ने नशा जैसे कुरीतियों से दूर रहने की अपील करते हुए कहा की नशा कभी ना करे और हमेशा याद रखे की नशा करने से कैंसर और लीवर की बीमारियां हो सकती है । जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा की वे हमेशा नशा मुक्त अभियान के लिए प्रेरित करते है । रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर अतुल जैन मरीजों को हिदायत देते रहते है की नशा कर अस्पताल ना आए और दवाई खाने के बाद भी नशा ना करे । जिला सभापति रामकुमार भट्ट भी हमेशा नशा मुक्त अभियान का संदेश देते है ।

## महिंद्रा मोटर्स के अतिक्रमण को हटाया गया



**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल कॉन्टैक्टर कॉलोनी सुपेला से लगे हुए भूखंड पर शिवनाथ ऑटोमोबाइल महिंद्रा मोटर्स द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसके कारण शासकीय अस्पताल मे पोस्टमार्टम के लिए शव को सामान्य मार्ग से लाना और ले जाना पड़ता है । जिससे में परेशानी हो रही थी। जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह के अस्पताल का औचक निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया। सीमांकन के बाद पाया गया कि महिंद्रा मोटर्स द्वारा कुछ भूखंड पर अतिक्रमण किया गया है। आज कार्यपालिका मजिस्ट्रेट डिकेश्वर साहू, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, भवन अधिकारी अरविंद शर्मा, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर के अतिक्रमण को रिक्त कराया गया। एजेंसी के अधिकारियों को चेतावनी दी गई की दोबारा इस प्रकार शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करेगा। कार्रवाई दोपहर 2ः00 बजे से शुरू किया गया। तोड़े गए मालवे को जेसीबी, डंपर, से जप्त किया गया। शिवनाथ मोटर्स अधिकारियों से पंचनामा बनवा करके लिखित में आश्वासन लिया गया कि उसके द्वारा दोबारा अतिक्रमण नहीं किया जाएगा। नगर निगम भिलाई द्वारा अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी जाती है कि शासकीय भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें। अन्यथा उनके खिलाफ बेदखली कार्रवाई करते हुए उन्हीं से तोड़ने में हुए खर्च का हरजाना भी वसूल किया जाएगा। बेदखली कार्रवाई के दौरान उपस्थित रहे शासकीय राजस्व निरीक्षक नरसिंह साहू, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, कन्नौज, निरंजन असाटी, नंदू सिन्हा, राजेश गुप्ता, तोसेंद्र साहू, राजेंद्र सिंह, हेमलाल यादव, मंगल जांगड़े, विष्णु सोनी आदि उपस्थित रहे।

## खेत में मिली अधजली लाश पर शिनाख्त नहीं



**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई-3 थाना क्षेत्र के उमदा - पथर्रा मार्ग पर में रविवार की सुबह खेत में अधजली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। काम पर निकले ग्रामीणों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से शव को पीएम के लिए भेज दिया फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है रविवार सुबह उमदा पथर्रा रोड़ पर एक खेत में जली हुई शव मिलने की खबर मिलने से सनसनी फैल गई। रोज की तरह घर से निकलने वाले कामकाजी ग्रामीणों ने सबसे पहले लाश को देखा और भिलाई-3 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीएसपी छावनी हरीश पाटिल, फारेंसिक एक्सपर्ट मोहन पटेल व टीआई महेश ध्रुव दल-बल के साथ पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक पुरुष है और उसकी उम्र 25 से 26 वर्ष होने का अनुमान है। उसके सिर पर दो से तीन जगह पर सांघातिक चोट के निशान है। इसी के आधार पर पुलिस हत्या का मामला मानकर जांच कर रही है। लाश को चटाई, कंबल और तिरपाल से ढंककर आग लगाया गया है। जिससे लाश के पैर वाला हिस्सा ज्यादा और सीने से गर्दन की ओर कम जला है। लाश मिलने वाली जगह के पास सड़क पर टायर का निशान होने से लग रहा है कि लाश को किसी वाहन में वहां तक लाया गया है शुरुआती जांच के बाद सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि जली लाश मिलने की सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम पहुंची है। प्रथम दृष्टया लग रहा है कि हत्या के बाद शव को जलाने का प्रयास किया है। सीएसपी ने बताया कि हत्या कहीं और की गई और शव को यहां लाकर जलाया गया है। फिलहाल शव की शिनाख्ती का प्रयास किया जा रहा है। शिनाख्ती के बाद आगे की कार्रवाई की जा सकती है। छावनी सीएसपी पाटिल ने बताया कि हत्या की घटना शनिवार आधीरात के बाद की हो सकती है। फिलहाल मृतक की पहचान का पता लगाने आसपास के थाने में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की पड़ताल की जा रही है।

## बोरिया गेट पर जाम और लिफ्टिंग में आ रही बाधाओं को लेकर इंद्रजीत ने प्रबंधन से की मुलाकात



**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई ट्रक टेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह और उनके सदस्यों द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को हाल ही में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या से अवगत कराया गया था। यह समस्या बोरिया गेट में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले जाम और लिफ्टिंग में आ रही बाधाओं को लेकर थी। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने यह मुद्दा बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष एक माह पूर्व उठाया थाए जिसमें गेट संख्या 7 को स्लैग लोडिंग के लिए सक्रिय करने का प्रस्ताव भी शामिल था। एसोसिएशन ने सुझाव दिया था कि स्लैग लोडिंग की गाड़ियों को बोरिया गेट के बजाय गेट संख्या 7 से प्रवेश कराया जाएए ताकि बोरिया गेट पर ट्रैफिक की भीड़ और अव्यवस्था से निजात मिल सके। बीएसपी प्रबंधन ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए गेट संख्या 7 को तकनीकी रूप से तैयार कर लिया था और 22 फरवरी 2025 को मंगलम स्टील की 5 गाड़ियों के माध्यम से इसका परीक्षण भी सफलतापूर्वक किया गया था।हालांकिए अब तक अर्थात 2 अप्रैल 2025 तककृगेट संख्या 7 को नियमित रूप से चालू नहीं किया गया हैए जिससे ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और उससे जुड़े परिवहनकर्ताओं में गहरा असंतोष व्याप्त है। एसोसिएशन का कहना है कि यदि बीएसपी प्रबंधन ने समय रहते इस गेट को चालू कर दिया होताए तो बोरिया गेट पर व्याप्त अव्यवस्था को काफी हद तक कम किया जा सकता था।बोरिया गेट की स्थिति वर्तमान में अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है। पिछले तिमाही ;क्यूटीआरद्ध में 56ए000 मीट्रिक टन ;एमटीद्ध स्लैग का लिफ्टिंग कार्य प्रभावित हुआए जिससे न केवल स्टील कंपनियों को नुकसान हुआए बल्कि परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। चालू तिमाही में 1ए10ए000 मीट्रिक टन स्लैग की लिफ्टिंग का लक्ष्य रखा गया है। यदि गेट संख्या 7 को जल्द से जल्द चालू नहीं किया गयाए तो इस लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव होगा।एसोसिएशन के अनुसारए यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं किया गयाए तो वे आगे परिवहन कार्य को जारी नहीं रख पाएंगे। इससे बीएसपी की उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला पर सीधा नकारात्मक प्रभाव पड़ेगाए जो न केवल संयंत्र के संचालन को बाधित करेगाए बल्कि इस्पात उद्योग की व्यापक गतिविधियों को भी प्रभावित करेगा। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि ईडी ;वर्क्सद्ध से मिलकर इस समस्या के संबंध में जानकारी दी थी। उस समय उन्हें यह आश्वासन मिला था कि गेट संख्या 7 को जल्द से जल्द चालू कर दिया जाएगा। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस कारण अब न केवल ट्रांसपोर्टरों में निराशा हैए बल्कि संयंत्र से जुड़े अन्य व्यावसायिक हितधारकों में भी चिंता की लहर है। उन्होंने कहा कि आज एसोसिएशन के पदाधिकारी के द्वारा ईडी वर्क्स से मिलकर ठोस पहल की गईए उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द गेट नंबर 7 चालू कर दिया जाएगा।

## सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कोसा नाला पाथवे पर स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वहां पर दिनांक 2 अप्रैल को 110 बाई 8 का फ्लैक्स लगाया गया था। 3 अप्रैल को देखने में मिला कि अज्ञात चोरों द्वारा पूरे 110म8 फिट का फ्लैक्स को काट कर हटा दिया गया है। इधर उधर देखने पर भी नहीं मिला उस फ्लेक्स में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेश पर आज सुपेला पुलिस थाना में जोन 01 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न कुमार तिवारी द्वारा शिकायत लिखित में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। यह भी शिकायत की गई थी कि उद्यानों में लगे फैसिंग वायर, लोहे के ग्रील, बाउंड्रीवाल, नगर निगम के मोटर पंप में लगे केबल वायर को भी चोरों द्वारा काट लिया जा रहा है सुपेला थाने के इंचार्ज राजेश मिश्रा को बताया गया कि सुरक्षा की दृष्टि से हर जगह सुरक्षा गार्डन लगाना संभव नहीं है। पुलिस द्वारा करवाई किया जाना आवश्यक है। इस पर श्री मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालो के उपर पुलिस शक्ति बरतेगी, ऐसे लोगो के खिलाफ कार्यवाही की जावेगी और जेल भी भेजे जायेगें।



## जामुल में मनाया विकास तिहार




**जामुल, 6 अप्रैल।** नगर पालिका परिषद जामुल में विकास तिहार का आयोजन कर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने एक करोड बैसठ लाख रू. के विकास कार्य का शुभारंभ किया। गौरतलब हो कि राज्य में नये सरकार के गठन पश्चात नगर पालिका जामुल के लगभग सभी वार्डो जनता से जुडे सभी कार्य हो रहे है। इसी तारतम्य में आज नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने जामुल सुरडुंग के जनता को नया सौगात दिया विकास कार्यो के शुभारंभ अवसर पर नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि वार्ड 18 में अकलोर तिराहा के पास महाराणा प्रताप चैक में 20 लाख रूपये में सौंदर्यीकरण का कार्य होगा । इसके साथ ही वार्ड 20 में मुक्तिधाम से नहर नाली तक सीसी रोड कार्य 10 लाख रूपये के लागत से होगा इसके साथ ही सभी जन के लिए सुरडुंग में 12 लाख रूपये के लागत से बैटमिंटन कोर्ट का निर्माण होगा । स्वच्छ भारत अभियान के तहत वार्ड 20 में 27 लाख रूपये लागत से नया मणिकंचन केन्द्र बनेगा सुरडुंग के हाई स्कूल में 27 लाख रूपये से टी प्लांटेशन का कार्य होगा । इसके साथ ही सुरडुंग में 75 लाख रूपये से शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण होगा । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे पालिका क्षेत्र जामुल में सभी जनप्रतिनिधियों के सहमति एवं जनमानस के अपेक्षानुसार कुल 1.62 करोड़ रूपये का कार्य होगा जिसका सीधा लाभ हर वर्ग को शीघ्र ही मिलेगा । जामुल विकास तिहार कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार पार्षदगण सबीहा करीम खान, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरा, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, सीमा यादव, राम प्यारी वर्मा, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, के. राजू, चुम्मन वर्मा, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन सहित गणमान्य नागरिकगण श्यामरतन, बिशेश्वर वर्मा, जितेन्द्र ठाकुर, आत्माराम वर्मा, रमेश ठाकुर, होमेन्द्र हिरवानी, जयपाल यादव, रायसिंह निषाद, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ वक्ता प्रकाश ठाकुर ने किया ।


रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस
की शुभकामनाएं
शिव सिंग ठाकुर
पूर्व उपाध्यक्ष- रायपुर विकास प्राधिकरण


रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस
की शुभकामनाएं
पप्पू बंजारे
पूर्व जनपद अध्यक्ष-धरसींवा


रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़ के
स्थापना दिवस की शुभकामनाएं
श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी
अध्यक्ष- जिला पंचायत बेमेतरा
योगेश तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष- सर्व हिन्दू सनातन संगठन


रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़ के
स्थापना दिवस की शुभकामनाएं
संजय श्रीवास्तव
अध्यक्ष- छग स्टेट सिविल सप्लाईज
कार्पोरेशन (नागरिक आपूर्ति)


रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़ के
स्थापना दिवस की शुभकामनाएं
सुशील आनंद शुक्ला
प्रमुख संचार विभाग,छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी


रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़ के
स्थापना दिवस की शुभकामनाएं
श्रीमती मीनल छगन चौबे
महापौर-नगर पालिक निगम,रायपुर

एक नजर

## कांग्रेसजनों ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का किया स्वागत



**राजनांदगांव, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चैत्र नवरात्र के अष्टमी पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज राजनांदगांव से होकर धर्मनगरी डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने जा रहे राजनांदगांव पहुंचने पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष की अगुवाई में पीसीसी अध्यक्ष का कांग्रेसजनों द्वारा पटाखे फोड़कर फुलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि 05 अप्रैल शनिवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने जा रहे राजनांदगांव पहुंचने पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने फुलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष बैज ने कांग्रेसजनों को चैत्रनवरात्र की हार्दिक बधाई देते हुए प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना की। बैज ने धर्मनगरी में हुए शराब होलोग्राम पर प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर लताड़ा लगाते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में शराब की गंगा बहा रही है युवाओं को रोजगार तो नहीं दे रही है परंतु युवाओं को शराब की लत लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। हम कांग्रेसजन आगामी दिनों में शराब को लेकर उग्र प्रदर्शन करेंगे।


## 12 गाडी सर्विसिंग सेंटरों में निगम की जल विभाग टीम ने दी दबिश, काटे नल कनेक्शन



**राजनांदगांव, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्रीष्म ॠतु में निगम सीमाक्षेत्र के सभी वार्डो में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिये नगर निगम के जल विभाग की टीम व्यर्थ बहने वाले नल बंद करने एवं पानी का दुरूपयोग करते पाये जाने पर नल काटने की कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही की कडी में आज टीम ने निगम सीमाक्षेत्र में संचालित 12 गाडी सर्विसिंग सेन्टरो में दबिश देकर नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही किये। उल्लेखनीय है कि ग्रीष्म ॠतु में मोहारा शिवनाथ नदी में जल स्तर कम होने के कारण पेयजल सप्लाई में कठिनाई होने पर महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर दो दिन में तीन बार पानी सप्लाई की जा रही है, ताकि गर्मी के सभी दिनों में नागरिकों को पर्याप्त पानी मिल सके। पानी के सुचारू सप्लाई के लिये महापौर यादव मोहारा नदी, जल सयंत्रगृह के अलावा वार्डो में भी जाकर पानी का हाल जान रहे है। वही निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा भी वार्ड तथा प्लांट का अवलोकन कर सुचारू पेयजल सप्लाई के लिये हर संभव प्रयास करने अधिकारियों को निर्देशित कर रहे है तथा शहर में अनावश्यक बहते पानी व पानी का दुरूपयोग पर कार्यवाही करने कहा गया है। इसी कडी में आज जल विभाग की टीम ने गाडी सर्विसिंग सेन्टरो का नल काटे। आयुक्त ने बताया कि पानी की किल्लत को ध्यान मे रखकर शहर में निरीक्षण कर अनावश्यक बहते नल बंद करने तथा पानी का दुरूपयोग रोकने गाडी सर्विसिंग सेन्टरों को नल के पानी का उपयोग पीने के लिये करने तथा सर्विसिंग के लिए हैण्ड पंप या कुँआ का उपयोग करने समझाईस दी गयी है।

### निधन

**महेंद्र राव जगताप**



**डोंगरगढ़, 6 अप्रैल।** स्थानीय नाकापारा निवासी महेंद्र राव जगताप 75 वर्ष का बीती रात निधन हो गया मिलनसार व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय जगताप जनपद पंचायत में लेखपाल के पद पर सेवानिवृत्त थे उनका अंतिम संस्कार 5 अप्रैल शनिवार को दोपहर 12 बजे छिरपानी मुक्ति धाम में किया गया वे अपने पीछे चार पुत्र देवेश जितेंद्र आदित्य व लोकेश सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए उनके निधन पर जनपद परिवार समाज विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# रेलवे महाप्रबंधक पहुंचे डोंगरगढ़, माई के दर्शन के बाद किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

- घटिया निर्माण कार्यों पर असंतुष्टि व्यक्त की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 6 अप्रैल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश बिलासपुर से आज सपरिवार डोंगरगढ़ पहुंचे सुबह 8 बजे ऊपर मंदिर जाकर मां बमलेश्वरी का दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। और रेलवे के सफल संचालन की कामना की। दर्शन के उपरांत वे सीधे रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचे जहां उन्होंने रनिंग रूम सहित पूरे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। स्टेशन में अमृत धारा योजना के अंतर्गत चल रहे अधोसंरचना विकास रेल परियोजना सहित संचालन और संरक्षण का व्यापक जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डोंगरगढ़ स्टेशन में अमृत भारत योजना के अंतर्गत जारी विभिन्न रेल विकास कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा भी उन्होंने की। स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की स्थिति का आकलन किया और मेले के दौरान मंडल द्वारा की गई सभी व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया यात्रियों के लिए बेहतर सेवा प्रदान करने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी उन्होंने दिए। यहां उपलब्ध यात्री सुविधाओं रनिंग रूम लाबी आदि का निरीक्षण भी उन्होंने किया। तरूण प्रकाश ने अपने माहतात अधिकारी मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता सीनियर डीसीएम से यात्री सुविधाओं के निरीक्षण के दौरान नाराजगी भी व्यक्ति की उन्होंने कहा कि यात्रियों को ठहरने के लिए जो पांडाल बनाया गया था वह बहुत नीचा है यात्री गर्मी में बैठे हैं जब नवरात्रि पर्व हर 6 माह में 9 10 दिनों के लिए आता है और भी मेले यहां संचालित होते हैं तो यात्रियों के लिए स्थाई विश्रामगृह उचित ढंग से बनाना चाहिए। स्टेशन परिसर में व्याप्त गंदगी और जारी निर्माण कार्यों विशेषकर घटिया निर्माण पर भी उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि आप जो निर्माण कर रहे हैं वह जगह-जगह से टूटा जा रहा है ऐसा नहीं होना चाहिए। दुर्ग खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। महाप्रबंधक ट्रेनों के संचालन के लिए संचालित विभाग में भी जाकर बैठे। प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित पर्यटन केंद्र भी वे पहुंचे तथा वहां से संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा रेलवे से यात्री सुविधाओं के संबंध में प्लेटफार्म में स्थान की मांग की गई है जहां मंदिर संबंधी जानकारी यात्रियों को प्रदान की जाएगी।

**चलित टिकट प्रणाली का शुभारंभ:** आज रेलवे द्वारा अपने कर्मचारियों से घूम घूम कर टिकट बिक्री करने की एक नई सुविधा का शुभारंभ भी किया गया इसमें यात्रियों की भीड़ नहीं लगती साथ ही रेलवे कर्मचारी यात्रियों के पास जाकर उन्हें तत्काल टिकट प्रदान करते हैं यह एक अच्छी सुविधा है उपस्थित रेलकर्मी से उन्होंने एक टिकट भी ली। बताया गया कि रेल कर्मी ने सुबह से 120 टिकट का बिक्री 11 बजे तक कर लिया था यात्रियों ने भी इस अच्छी योजना का लाभ उठाते हुए रेलवे को इस योजना के लिए साधुवाद दिया नागपुर से पहुंचे घोरड़े परिवार के लोगों ने 5 टिकट लेकर इसका शुभारंभ किया।

**अनुविभागीय अधिकारी भी मिले:** डोंगरगढ़ में पदस्थ राज्य शासन के अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने भी आज महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मिलकर चर्चा की तथा रेलवे परिसर क्षेत्र में अतिक्रमण को दूर करने सहयोग का आश्वासन दिया इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर महाप्रबंधक ने दिशा निर्देश भी दिये। यहां उन्होंने मेले के दौरान टिकट बिक्री व रेल सुविधाओं की जानकारी भी ली।





### 10 वर्ष पूर्व से टिकट की कम बिक्री

रेल अधिकारियों द्वारा जब टिकट की जानकारी दी जा रही थी तब डोंगरगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष गोपाल खेमुका ने उन्हें बताया कि डोंगरगढ़ स्टेशन में रेल यात्रियों की सुविधाओं में बढ़ोतरी जरूर हुई है किंतु ट्रेनों के स्टॉपेज संचालन एवं उपलब्धता के साथ-साथ समय को लेकर रेलयात्री खासे परेशान हैं इस कारण टिकट बिक्री में रेलवे का ग्राफपहले से काफी गिरा है 10 वर्ष पूर्व 1 लाख से अधिक टिकट की बिक्री होती थी जो वर्तमान में पचास हजार के आसपास रह गई है इसके लिए रेलवे को समीक्षा करनी चाहिए कोरोना काल के दौरान बंद पैसेंजर ट्रेनों को प्रारंभ करने की मांग भी उन्होंने की उन्होंने बताया कि सुबह 4 बजे बिलासपुर के लिए तथा सुबह 7 बजे गोंदिया से रायपुर के लिए छुटने वाली ट्रेने बंद है इसके अलावा देश के धार्मिक स्थान के लिए यहां से डायरेक्ट ट्रेन नहीं है राजस्थान शिरडी श्रीशैलम तिरुपति के लिए डायरेक्ट ट्रेन की कमी होने के कारण यहां यात्री लगातार कम होते जा रहे हैं खेमुका ने बताया कि नवरात्रि पर्व में 20 लाख श्रद्धालु डोंगरगढ़ में पहुंचते हैं जब इनकी संख्या 5 लाख थी तब टिकट बिक्री एक लाख से अधिक होती थी रेलवे स्वयं समीक्षा करें कि क्या कारण है चार गुना यात्री बढे हैं और टिकट सेल आधा रह गया है।

### महाप्रबंधक का दौरा और ट्रेन लेट, यात्री परेशान

महाप्रबंधक तरुण प्रकाश डोंगरगढ़ में थे इसी दौरान निपानिया ट्रेन को जटकन्हार में 2 घंटे रोका रखा गया इसका क्या कारण था रेलवे के अधिकारी जवाब नहीं दे पाए। यात्रियों ने जमकर हंगामा मचाया यात्री संतोष टेंम्बरे ने सीनियर डीसीएम से सीधा सवाल किया कि एक रेलवे स्टेशन जहां पानी तक की सुविधा नहीं है गर्मी के समय 2 घंटे ट्रेन को ब्लॉक करके क्यों रखा गया था इसी कारण ट्रेनों से सफर करने में यात्री कतराते हैं और वे सड़क मार्ग के विभिन्न साधनों से यात्रा करने लगे हैं रेलवे को ट्रेनों के संचालन में समय का जरूर ध्यान रखना चाहिए। सीनियर डीसीएम ने अपनी गलती स्वीकार की और आगे समय बध्दता के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। परेशान यात्रियों में रेलवे को जमकर कोसा।

### मालगाड़ी के कारण यात्री ट्रेनों की दुर्दशा

तीसरी लाइन प्रारंभ हो जाने के बाद भी यात्री ट्रेनों की दुर्दशा जारी है रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि माल वाहक ट्रेने ज्यादा कमाई देती हैं इसलिए यात्री ट्रेनों को घंटों छोटे स्टेशनों पर खड़ा रखा जाता है और लगातार मालगाड़ी आगे बढ़ाई जाती है इस प्रकार रेलवे यात्रियों के साथ धोखाधड़ी कर रहा है। लगातार यात्री ट्रेनों को मालगाड़ी के कारण छोटे स्टेशनों में घंटों खड़े रखा जाता है यह भी एक बड़ा कारण है कि लोग ट्रेनों से सफर करने के स्थान पर स्वयं के वाहनों से सड़क मार्ग से यात्रा करने लगे हैं। रेलवे को इस दिशा में जरूर ध्यान देना चाहिए। इस दौर में नागपुर मंडल के लगभग सभी अधिकारी मौजूद थे।

# मवेशी चोरी के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 6 अप्रैल।** प्रार्थी राजू यादव पिता रामचंद यादव उम्र 50 साल निवासी गोकुलनगर वार्ड नं0 45, थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 30.03.2025 को यह अपने घर से मवेशियों को चराने के लिए लखोली की ओर ले गया था तथा गाय भैस को चराने के बाद शाम करीबन 05:30 बजे अपने सभी गाय तथा भैंस को चराकर बायबास होते हुए गोकुल नगर की ओर आ रहा था तभी यह बायपास के पास सभी गाय एवं भैंस को छोडकर अपने घर चला आया। घर पहुँचने के बाद लगभग शाम 07:00 बजे तक 03 गाय व 02 भैंस घर वापस आ गये तथा 05 भैस वापस नही आने पर भैस का पता तलाश किया जिसका कोई पता नही चला। 02 दिन तक यह अपने भैस का पता तलाश कर रहा था तब इसे 3 अप्रैल को पता चला कि इसके 05 नग भैंसी कीमती 01 लाख 50 हजार रूपये को नरेन्द्र साहू निवासी डबरीपारा तथा कुलेश्वर यदु निवासी कन्हारपुरी का चोरी कर डोंगरगढ में बेच दिया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 138/25 धारा 303(2), 3(5), भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत करा कर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग (भा0पु0से0) के मार्गदर्शन व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में आरोपीगणो के पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी नरेन्द्र यदु व कुलेश्वर यदु को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किये तथा चोरी किये 05 नग भैंस को पिकप वाहन क्रमांक सी0जी0/06/जी0जे0/4506 एवं पिकप वाहन क्रमांक सी0जी0/04/एम0 एफ/2413 में भरकर डोंगरगढ मंगेश पटेल पिता नंद किशोर पटेल निवासी डोगरगढ के पास बिक्री करना बताया। आरोपी मंगेश पटेल को भी हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो जुर्म करना स्वीकार किया इनके कब्जे से 03 नग भैस बरामद किया गया तथा आरोपी नरेन्द्र यदु के कब्जे से पिकप वाहन क्रमांक सी0जी0/06/जी0जे0/4506 एवं पिकप वाहन क्रमांक सी0जी0/04/एम0 एफ/2413 एवं भैंस का बिक्री रकम 25000/रूपये जप्त किया गया। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय अभिरक्षा में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, सउनि. गोवर्धन देशमुख, आरक्षक कुश बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

# निगम ने 10 दुकानों से डिस्पोजल गिलास और पालीथिन जब्त की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- पुराना बस स्टैण्ड एवं कैलाश नगर क्षेत्र में चला अभियान
- प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दुकानों से वसूला जुर्माना

**राजनांदगांव, 6 अप्रैल।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला पुराना बस स्टैण्ड एवं कैलाश नगर क्षेत्र मे अभियान चलाकर 10 दुकानों व ठेला खोमचा पर कार्यवाही कर 10 पैकेट डिस्पोजल ग्लास एवं 1 किलो पालीथीन जप्ती कर 3 हजार रूपये जुर्माना वसूलें। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडा रूख अपना रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है।

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कार्यवाही के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये शासन निर्देश के अनुक्रम में निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कार्यवाही कर रहे है। कार्यवाही की कडी में आज पुराना बस स्टैण्ड व कैलाश नगर के आर.के. मार्केटिंग के अलावा प्राविजन स्टोर्स तथा फ्ल व पान ठेला एवं गन्ना रस ठेला में दबिश देकर 10 लोगो पर 3 हजार रूपये जुर्माना लगा 1 किलो पालिथीन तथा 16 पैकेट डिस्पोजल ग्लास जप्त किये। जप्ती की कडी में 15 रीम डिस्पोजल ग्लास, चम्मच तथा 4 बोरी पानी पाउच भी जप्त किया गया। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी।



समाचार संक्षेप

## चंद्रगिरी में प्रथम आचार्य पदारोहण दिवस धूमधाम से मनाया गया




**डोंगरगढ़, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय महातीर्थ क्षेत्र में 105 आर्यिका आदर्शमति माता जी ससंघ एवं 105 आर्यिका अपूर्वमति माता जी ससंघ के सानिध्य में 108 आचार्य समयसागर महाराज जी का प्रथम आचार्य पदारोहण दिवस भक्तिपूर्ण माहोल में हर्षोलास के साथ मनाया गया। भक्तो द्वारा प्रातः। बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं शांति विधान किया गया तत्पश्चात 9 बजे से संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर महाराज जी कि नित्य पूजा एवं संगीतमय आरती समाधी स्थली में कि गयी। दोपहर 2 बजे से विद्या गुरु समय गुरु कि विशेष भावपूर्ण संगीतमय पूजा कि गयी तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से वन्दनीय आर्यिका संघ के मंगल प्रवचन हुए एवं प्रतिभास्थाली कि छात्राओं द्वारा रंगारंग मांगलिक (मनमोहक नृत्य एवं नाटक) सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसे देखकर उपस्थित सभी साधर्मिगण भाव विभोर हो गए। 105 आर्यिका अंतरमति माता जी ने कहा की एक पद को त्यागकर ही दूसरे पद को ग्रहण किया जाता है यह परम्परा आदि अनंत है। आचार्य ज्ञानसागर महाराज जी ने अपना आचार्य पद त्यागकर आचार्य विद्यासागर महाराज जी को दिया और आचार्य विद्यासागर जी ने अपना आचार्य पद त्यागकर आचार्य समयसागर महाराज जी को दिया। यह क्रम आचार्य शांतिसागर महाराज जी से लगातार चला आ रहा है। यह परमपरा संघ को व्यवस्थित चलाने के लिए अनिवार्य है। आचार्य विद्यासागर महाराज जी ने पहले अपने आचार्य पद का त्याग अन्तरंग (अन्दर से) ही कर दिया था। उन्होंने संघ को गुरुकुल बनाया और इस संघ को संचालित करने और उत्तरोतर विकास के लिए आचार्य समयसागर महाराज जी को आचार्य पद से सुशोभित किया। आज आचार्य समयसागर महाराज जी को आचार्य पद पर 1 वर्ष पूर्ण हुआ है। दिगम्बर जैन चंद्रगिरी ट्रस्ट समिति ने उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, बलाघाट, गोंदिया एवं सम्पूर्ण भारत से पधारे विभिन्न क्षेत्रों से आये उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वनांचल के खुदुरपानी पहुंचे कलेक्टर,ग्रामीणों से हुए रूबरू

## शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने अधिकारियों को दिए निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी, 6 अप्रैल।** जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम खुदुरपानी पहुंचकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ग्रामीणों से गांव के विकास के बारे में चर्चा की। उन्होंने सामुदायिक वन अधिकार मिलने से जीवन में आए बदलाव की जानकारी ग्रामीणों से ली। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण का सर्वे जल्द से जल्द पूरा कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। इसके साथ ही उन्होंने शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को देने पर जोर दिया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

खोज संस्था के प्रतिनिधि बेनीपुरी ने कलेक्टर को बताया कि गांव को 4 वर्ष पूर्व सामुदायिक वन अधिकार प्राप्त हुआ है, जिसके तहत ग्रामीण जंगल का प्रावधान नर्सरी, सीडबॉल श्रमदान रखवाली और जंगल को आग से बचाने का काम करते रहे हैं। इसका फायदा उन्हें इस रूप में मिला कि बीते तीन साल में जंगलों में कोकून की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर मिश्रा को यह भी बताया कि चारगांव, मटियाबाहरा में श्रमदान से बोल्डर चेकडैम का भी निर्माण किया गया है.। इसके साथ ही गांव के समीप टूटे डेम को मनरेगा एवं वन विभाग द्वारा मरम्मत कराकर पानी संग्रहण किया है, जिसका उपयोग आसपास के 40 किसान अपनी 90 एकड़ भूमि की सिंचाई के लिए कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने कलेक्टर मिश्रा से आग्रह करते हुए कहा कि उन्हें गांव के जंगलों से निकलने वाले कोसे और धागा निकालने का प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि गांव के जंगल में शिफ्ली पत्ता की भी अधिकता है जो दोना पत्तल निर्माण में उपयोग किया जाता है। अगर दोना पत्तल निर्माण हेतु प्रशिक्षण एवं मशीन उपलब्ध हो जाए तो भी गांव की महिलाओं को रोजगार मिल जाएगा। रेशम विभाग के अधिकारी ने खुद जंगलों से निकाले गए कोसा का परीक्षण किया और बताया कि यहां के जंगलों से निकला कोसा उच्च गुणवत्ता का है जिसकी कीमत प्रति कोकून 5 रूपये से अधिक की है।

वनमंडल अधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने ग्रामीणों से कहा कि बरसात में सफेद मूसली और औषधि पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी ग्रामीण जगह चिन्हांकित कर लें। इसके साथ ही महुवा, इमली की खरीदी के विषय पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने धौराभाटा से सोढूंर नदी तक और चन्दनबाहरा मार्ग बनाने की भी बात कही।

## वनांचल चौकी के पहले सीबीएसई स्कूल में नए सत्र की हुई शुरुआत




**राजनांदगांव, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नवीन जिला मोहला - मानपुर - अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के अधिसंख्य आदिवासी परिवारों में रह रहे बच्चों की शिक्षा को अपना कर्तव्य मानते हुए नांदगांव शिक्षा मंडल ने अंबागढ़ चौकी में सीबीएसई स्कूल के संचालन का बीड़ा उठाया। 1 जुलाई 2024 को शुरू की गई इंग्लिश मीडियम स्कूल का द्वितीय शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 की शुरुआत 1 अप्रैल से की जा चुकी है। प्रवेश के लिए पालकों का रुझान इस बात का साक्षी बन रहा है कि मानवीय सेवा का संकल्प फलीभूत होने की दिशा में अग्रसर है। अंबागढ़ चौकी में नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों द्वारा प्रारंभ किए गए इंग्लिश मीडियम स्कूल ( सीबीएसई पैटर्न ) के नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत ने चौकी क्षेत्र के रहवासियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया है। अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति चिंतित पालक स्कूल पहुंचकर बच्चों का प्रवेश करा रहे हैं। नांदगांव शिक्षा मंडल वह संस्था है जिसने राजनांदगांव जिले के सबसे बड़े महाविद्यालय दिग्विजय महाविद्यालय को अस्तित्व में लाया। राजनांदगांव जिले का एक मात्र विधि महाविद्यालय भी इसी संस्था द्वारा चलाया है रहा है। अब इसी संस्था ने अपनी सामाजिक कल्याण वाली सोच के साथ वनांचल अंबागढ़ चौकी जैसे वृहद आदिवासी क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा को नया अमलीजामा पहनाने का संकल्प लिया है।

### नवरात्रि और ईद के मौके पर पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ को दी 33, 700 करोड़ की सौगात : परवेज अहमद



**राजनांदगांव, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सदस्य व भाजपा के युवा नेता परवेज अहमद ने ईद उल फित्र और वासंती नवरात्रि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30, 700 करोड़ से ज्यादा रुपये की सौगात देकर विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह सौगात निश्चित रूप से विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगी। प्रदेश के बिलासपुर जिले के बिल्हा क्षेत्र के मोहभट्ट ग्राम में आयोजित लोकार्पण शिलान्यास एवं उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधारभुत संरचनाओं के विकास के लिए इतनी बड़ी सौगात दी है। श्री अहमद ने आगे कहा कि रेलवे के तीन परियोजनाओं के लिए 1, 188 करोड़ अभनपुर मंदिर हसौद खंड में मेमू ट्रेन का शुभारंभ वीडियो लिंक के माध्यम से किया गया। छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100त विद्युतीकरण होगा।

राजा खुज्जी का ऐतिहासिक लंगड़ा आम

# नवाबों की विरासत से अंतरराष्ट्रीय बाजार तक लंगड़ा आम ने बनाई पहचान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के डोंगरगांव ब्लॉक का ग्राम खुज्जी, शिवनाथ नदी के तट पर बसा एक ऐतिहासिक स्थल है। यह क्षेत्र अंग्रेजों के जमाने से ही अपनी समृद्ध विरासत और खास पहचान के लिए चर्चित रहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में यह एकमात्र मुस्लिम जमींदारी थी, जहां नवाबों का शासन था। तत्कालीन समय में खुज्जी के नवाबों के अधीन लगभग 32 ग्राम थे, जिनसे वे कर वसूली कर प्रशासनिक व्यवस्था संचालित करते थे।

छत्तीसगढ़ की सबसे छोटी जमींदारी मानी जाने वाली खुज्जी जमींदारी के नवाब मोहिनुद्दीन प्रकृति प्रेमी थे। उन्होंने अपने क्षेत्र की खाली जमीनों पर अमरूद और आम के बगीचे विकसित किए। इनमें से एक खास बगीचा शिवनाथ नदी के किनारे लगाया गया, जहां लंगड़ा आम के पेड़ बड़ी संख्या में लगाए गए। पहले इस बगीचे में लगभग दो हजार आम के पेड़ थे, लेकिन वर्तमान में केवल चार सौ के करीब पेड़ शेष बचे हैं। आज भी इन पेड़ों पर लगे आम के मौर और फलों को नदी के इस किनारे से देखा जा सकता है। भारत में आम की लगभग 1500 किस्में पाई जाती हैं, जिनमें बनारसी लंगड़ा आम एक प्रमुख प्रजाति है। इसकी उत्पत्ति 250-300 वर्ष पूर्व बनारस के एक शिव मंदिर से मानी जाती है। मान्यता के अनुसार, एक संत अपने साथ एक विशेष आम का बीज लेकर आए और इसे मंदिर परिसर में रोपा। वहां यह वृक्ष तेजी से बढ़ा और अत्यंत मीठे आम देने लगा। चूंकि मंदिर का पुजारी दिव्यांग था, इसलिए इस आम को 'लंगड़ा आम' कहा जाने लगा।



इस आम के बीज को लंबे समय तक मंदिर से बाहर नहीं दिया गया, लेकिन काशी नरेश के आग्रह पर एक बीज उन्हें दिया गया, जिससे यह प्रजाति पूरे देश में फैल गई। यही प्रजाति बाद में खुज्जी जमींदारी तक भी पहुंची।

आज लंगड़ा आम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में उगाया जाता है। इसकी विशेषता यह है कि पकने के बाद भी इसका रंग हरा बना रहता है, जबकि अन्य आम पीले हो जाते हैं। इसका गूदा रेशारहित, मुलायम और अत्यंत मीठा होता है। इसकी ऊपरी परत पतली होती है और हल्के रंध्र पाए जाते हैं, जिसके कारण इसे 'दूधिया लंगड़ा आम' भी कहा जाता है। खास बात यह है कि खुज्जी जमींदारी के नवाबों की रिश्तेदारियां पाकिस्तान में होने के कारण यह लंगड़ा आम वहां भी पहुंचा और बेहद पसंद किया जाने लगा। आज भी बनारस के कंपनी गार्डन में इस आम के 'मदर ट्री' को संरक्षित रखा गया है। खुज्जी का लंगड़ा आम न केवल क्षेत्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुका है, जो इस ऐतिहासिक जमींदारी की एक महत्वपूर्ण विरासत को दर्शाता है। यह आम हमे मई महीने में पका हुआ खाने को उपलब्ध रहेगा।

एक नजर

## जल समस्या से निजात पाने के लिए महापौर ने ट्रैक्टरों की चाबी सौंपी



**जगदलपुर, 6 अप्रैल।** गर्मी में पानी की किल्लत से बचने के लिए निगम ने पहले से तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में महापौर संजय पाण्डे ने नगर निगम को 4 ट्रैक्टर सौंपे। 2 ट्रैक्टर ट्राली सहित स्वच्छता विभाग व 2 ट्रैक्टर जल विभाग को सौंपा। हर साल गर्मी में पानी की किल्लत होती है। इसे मद्देनजर रखते हुए महापौर के प्रयास से निगम को 4 ट्रैक्टर मिले हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अतिरिक्त ट्रैक्टर सौंपे जाने से अब पानी की किल्लत कम होगी। मालूम हो कि इस बार प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव की अनुशंसा पर डीएमएफटी फंड से 27 बोरिंग स्वीकृत हुए हैं। इस बार गर्मी में पेयजल संकट से निपटने निगम ने अथक प्रयास शुरू कर दिए हैं। नलकूप खनन का कार्य भी शहर में प्रारंभ हो गया है, जिससे कि शहर के लोगों को पर्याप्त पानी समय पर उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी मेंबर निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, लक्ष्मण झा, श्वेता बघेल, श्याम सुंदर बघेल, गायत्री बघेल, हरीश पारेख सहित निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर नगर में बाइक शोभायात्रा का आयोजन

**जगदलपुर, 6 अप्रैल।** रामनवमी पर्व पर आज नगर में विविध आयोजन किये जायेंगे। पतंजलि योग परिवार द्वारा राष्ट्र क़ी उन्नति और उत्तम स्वास्थ्य क़ी कामना के साथ रामनवमी व सन्यास दीक्षा पर्व का आयोजन माता दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में आज प्रातः 6.30 बजे से 7.15 तक आयोजित किये जायेंगे। तत्पश्चात प्रातः 7.15 बजे से भव्य बाईक शोभायात्रा माता दंतेश्वरी प्रांगण से आरम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकली जायेगी। वही शाम 4 बजे नगर में रामनवमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। पतंजलि योग के प्रान्त प्रमुख मनोज पानीग्राही ने बताया कि माह के प्रति द्वितीय मंगलवार को माँ दंतेश्वरी मंदिर से राम नाम जाप व नगर संकीर्तन निकाली जायेगी, जो कि इस माह आगामी 8 अप्रैल को होंगी। वहीं हनुमान जन्मोत्सव पर 12अप्रैल को 108 हनुमान मन्त्र का जाप किया जायेगा। श्री पानीगांही ने चर्चा में बताया कि प्रति शनिवार को सांय 7 बजे नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरो में हनुमान चालीसा का पाठ सतत रूप से किया जाता है। अब तक 44 विभिन्न मंदिरो में अब तक चालीसा पाठ किया जा चूका है। मनोज पानीग्राही ने उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में सनातनी बंधुओ से अधिकाधिक संख्या शामिल होने की अपील की है।

## केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह को भाया स्थानीय व्यंजनों का स्वाद

**दंतेवाड़ा, 6 अप्रैल** । केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने जनप्रतिनिधियों के साथ दोपहर भोजन में बस्तर क्षेत्र के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया। उन्होंने झुडूंग दाल, कोसरा खीर सैगोड़ा की सब्जी, सुरन की सब्जी, मूंग दाल खट्टा भाजी, मल्टी मिलेट खिछरी, जवाफुल सुगन्धित चावल खट्टा भाजी चटनी, रागी रोटी एवं मूंग दाल खट्टा भाजी जैसे सात्विक भोजन का सेवन किया। श्री शाह को बस्तर के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद खूब पसंद आया। उन्होंने कहा कि मिलेट एवं स्थानीय स्तर पर मिलने वाले उत्पाद से बने भोजन स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिक भी होते हैं। उन्होंने व्यंजनों की तारीफ करते हुए व्यापक स्तर पर इसे बढ़ावा देने की बात कही। उल्लेखनीय है कि कोसरा या कुटकी श्री अन्न का एक प्रकार है जो, दंतेवाड़ा में उगाया जाता है। इसमें फाइबर और आयरन जैसे खनिज प्रचूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो इसे पोषक और स्वास्थ्यवर्धक बनाता है। जिले के आदिवासी समुदाय इसे सदियों से जैविक तरीकों से उगाकर अपने भोजन में उपयोग करते आए है। झुडुंग दाल, जिसे (लाल लोबिया) भी कहा जाता है, दंतेवाड़ा में विशेष रूप से उगाई जाती है। प्रोटीन, आयरन और फाइबर से भरपूर यह दाल स्थानीय आहार में सम्मिलित है। इसकी जैविक खेती न केवल पोषण बल्कि कृषि जैव विविधता और आदिवासी संस्कृति को भी संजोए रखती है।

इसी प्रकार सूरन, जिसे जिमीकंद भी कहा जाता है, दंतेवाड़ा में पारंपरिक रूप से उगाया जाने वाला कंद है। इससे बने सब्जी, चिप्स एवं अचार प्रसिद्ध हैं, और यह पाचन व रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए फायदेमंद माना जाता है। यह पोषक तत्वों से भरपूर होता है और फाइबर, आयरन व एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्रोत है। सूरन की सब्जी स्थानीय लोगों में एक प्रचलित व्यंजन है।

# कलेक्टर ने शाला त्यागी बच्चों को निरंतर स्कूल लाने के प्रयास करने किया निर्देशित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम, 6 अप्रैल।** गुरुवार को विभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर जिला बीजापुर एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर के द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में आज जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया के मार्गदर्शन में पोटा केबिन सण्ड्रापल्ली में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कण्डिक नारायण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर समस्त प्राचार्य, प्रधान अध्यापक, अधीक्षकों को अपार आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, प्राथमिकता के साथ बनाये जाने युद्ध स्तर प्रयास करने निर्देशित किया। जिन बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है, वे तहसील कार्यालय से संपर्क माह अप्रेल के अंत तक बनाने को कहा गया। कक्षा 5वीं एवं 8 वीं के बच्चों को दक्ष परीक्षा संपन्न होने तक शाला में शत प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने, शाला में कमजोर बच्चों को इस महीने रेमेडियल क्लास से उनके स्तर को सुधारने, निपुण बीजापुर कार्यक्रम के तहत शालाओं के स्तर को सुधार करने, प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय शनिवार को शाला परिसर स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर फोटोग्राफ ग्रुप में भेजने, शाला में शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले अभी से शाला की व्यवस्थाओं सुधार करने, कक्षा पहली में आंगनवाड़ी बच्चों को प्रवेश दिलाने, कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को कक्षा छठवीं में, कक्षा 8 वीं में उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को कक्षा नौवीं में, कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को कक्षा ग्यारहवीं में शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने, शत् प्रतिशत बच्चों का आधार कार्ड इस माह के अंत तक बनाने, शाला त्यागी बच्चों को निरंतर स्कूल लाने के प्रयास करने निर्देशित किया गया। श्रीनिवास एट्ला सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी भोपालपटनम ने सभी से इन सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा। बैठक में यालम शंकर बीआरसी, दक्ष बीजापुर के नोडल अनिल जाटव, जाति प्रमाण पत्र नोडल अधिकारी नंदकुमार मारकोण्डा, समस्त संकुल प्राचार्य, समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक, प्रधान अध्यापक एवं अधीक्षक उपस्थित रहे।

## जिले में पहली बार आयोजित हुई जसगीत प्रतियोगिता

**जगदलपुर , 6 अप्रैल।** अंचल तेजी से विलुप्त हो रहे जसगीत विधा को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से पतंजलि योग समिति और सर्व हिन्दू समाज के तत्वाधान में दंतेश्वरी मदिर के सामने बस्तर जिले में पहली बार जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, अध्यक्षता बचेका अध्यक्ष श्याम सोमानी, विशिष्ट अतिथि सर्व हिन्दू समाज के सचिव रंजीत पांडे, पूर्व पार्षद श्रीमती दीप्ती पांडे रहे। कार्यक्रम का संयोजन पतंजलि योग के प्रान्त प्रमुख डॉ मनोज पानीग्राही ने किया।कार्यक्रम क़ी शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ दंतेश्वरी व भारत माता के छायाचित्र पर मत्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन का नौ कन्याओ का विधिवत पूजन का किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि संजय पांडे ने कहा कि नई पीढ़ी को छग क़ी संस्कृति और पारम्परिक महत्व के विषयों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिये आयोजन समिति प्रशंसा के पात्र है। छग क़ी पारम्परिक विधाओं को संरक्षित करने क़ी आवश्यकता हैं, क्योंकि यही हमारी पहचान है। देर रात तक संकड़ों क़ी संख्या में श्रोतागण जसगीत के साथ झूमते रहे। स्पर्धा में प्रथम स्थान बजरंग मानस मण्डली धरमपुरा, द्वितीय जय नवदुर्गा सेवा भजन मण्डली कांगोली, तृतीय जय भवानी भजन मण्डली जगदलपुर व सांत्वना पुरस्कार माँ दंतेश्वरी बस्तरहिन मानस मण्डली ने प्राप्त किया। सभी टीमों को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक टीम में रतन व्यास, डॉ सुषमा झा, संजय तिवारी तथा नीलमणी साहू रहे। कार्यक्रम का संचालन कविता बिजोलिया व आरके नायडू ने किया। उक्त कार्यक्रम के सहयोगी टीम के रूप में शहर के सुर रत्न म्यूजिकल ग्रुप, गुंजन ग्रुप, सुरसंगम ग्रुप, तरंग म्यूजिकल ग्रुप, लाइव म्यूजिकल ग्रुप तथा उत्कर्ष ग्रुप रहे। जसगीत स्पर्धा के पश्चात माता के भजनों क़ी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में इला हरिप्रसाद राव, श्रीमती मान कोराम, रविंद्र हेमनानी, मनोज चंद्रा, वैभव यादव, रेखा परमार, राकेश खापर्डे, मंजू लुक्कड़ रानी शर्मा, आदि का विशेष योगदान रहा।



## दुष्कर्म करने वाले वेंकटापुरम के भाजपा मंडल अध्यक्ष को सजा दिलाने छत्तीसगढ़ की सरकार तेलंगाना सरकार से करे बातचीत:विक्रम मंडावी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,6 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से तेलंगाना के वेंकटापुरम मजदूरी करने गई आदिवासी युवती से हुए दुष्कर्म की घटना को लेकर शुक्रवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी तेलंगाना के वेंकटापुरम पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की है।उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए तेलंगाना सरकार से मांग की है कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से जो भी मजदूर मजदूरी करने तेलंगाना आते है उन्हें पूरी सुरक्षा और सहायता मिले ऐसी व्यवस्था हो ताकि जो भी व्यक्ति छत्तीसगढ़ से मजदूरी करने तेलंगाना आता है उसे असुरक्षा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही विधायक विक्रम मंडावी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार से भी मांग करते हुए कहा कि दुष्कर्म करने वाले वेंकटापुरम के साहूकार और भाजपा मंडल अध्यक्ष आरोपी रामल्ला शेखर को सजा दिलाने और पीड़िता को न्याय दिलाने हेतु तेलंगाना सरकार से बात करे। विधायक विक्रम मंडावी ने दुष्कर्म मामले को लेकर तेलंगाना सरकार की मंत्री सितक्का से फ़ोन पर बात कर पीड़िता को न्याय दिलाने और दुष्कर्म करने वाले वेंकटापुरम के साहूकार और भाजपा मंडल अध्यक्ष आरोपी रामल्ला शेखर को सजा दिलाने मांग किया है। घटना की जानकारी लेने विधायक विक्रम मंडावी संबंधित थाने पहुंचे और घटना से संबंधित जानकारी लिया है।

इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री व सदस्य जिला पंचायत बीजापुर श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री बसंत राव ताटी, पुरुषोत्तम खत्री सहित बड़ी संख्या में बीजापुर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता और मुलगु जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बस्तर की पारंपरिक व्यंजनों और जीवनशैली का जीवंत प्रदर्शन

**दंतेवाड़ा, 6 अप्रैल** । बस्तर की धरती एक बार फिर अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जनजातीय जीवनशैली के अद्भुत प्रदर्शन का गवाह बनी। श्बस्तर पंडूम 2025् के अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने दंतेवाड़ा के हाई स्कूल मैदान में आयोजित इस भव्य संभाग स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत की और जनजातीय विरासत की सराहना करते हुए विभिन्न जिलों के स्टॉलों का अवलोकन किया।कार्यक्रम में बस्तर संभाग के सातों जिलों कृ दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, जगदलपुर और कांकेर कृ के जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों द्वारा पारंपरिक व्यंजनों, पेय पदार्थों, स्थानीय साग-सब्जियों और वनोत्पादों की प्रस्तुति की गई। इस आयोजन का उद्देश्य बस्तर की जनजातीय समृद्ध संस्कृति और परंपरा को राष्ट्रीय और वैश्विक पटल पर लाना और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना है।

## जिले में सुशासन तिहार की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

महासमुंद, 6 अप्रैल । महासमुंद जिले में सुशासन तिहार-2025 की तैयारियों को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार यह तिहार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं जनसंवाद को सशक्त बनाने हेतु तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ÷सुशासन तिहार 2025÷ के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें, ताकि उन्हें कहीं भटकना ना पड़े।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, श्री रविराज ठाकुर, एसडीएम महासमुंद श्री हरिशंकर पैकरा, श्री ओंकारेश्वर सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकाय कार्यालयों और कलेक्ट्रेट में समाधान पेटी रखी जाएगी। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें। कलेक्टर श्री लंगेह ने आवेदन प्राप्त करने के लिए सभी सीओ को ग्राम पंचायत स्तर पर, सभी नगरीय निकाय के सीएमओ को और सभी हाट बाजारों में सीएमएचओ को समाधान पेटी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री लंगेह ने जिला स्तर पर समाधान शिविर के आयोजन के लिए जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक को नोडल अधिकारी और अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू एवं श्री रवि राज ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। इसके साथ सभी एसडीएम को विकास खंड स्तर पर नोडल अधिकारी बनाया गया है। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था रहेगी। कॉमन सर्विस सेंटर का भी ऑनलाइन आवेदन लेने हेतु उपयोग किया जा सकता है। प्रत्येक आवेदन को एक कोड देने की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। निर्धारित प्रारूप में खाली आवेदन पत्र (ग्रामवार/नगरीय निकायवार कोड सहित) प्रिन्ट कराकर ग्रामीणों को उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को उसी दिन पोर्टल पर पंजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। साथ ही, प्रत्येक आवेदक को पावती प्रदान की जाएगी। यदि किसी आवेदन में मोबाइल नंबर अंकित नहीं है, तो संबंधित आवेदक को मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने हेतु कहा जाएगा, ताकि आवश्यक जानकारी उन्हें एसएमएस के माध्यम से भेजी जा सके।कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि सुशासन तिहार तिथियों का विभिन्न प्रचार माध्यमों से और सभी सीओ एवं सीएमओ को ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में मुनादी कराकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से 31 मई 2025 तक किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी और जहां संभव होगा, वहीं समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा।

# नक्सलवाद के खात्मे के साथ लौटेंगे बस्तर के सुनहरे दिन:मुख्यमंत्री

**दंतेवाड़ा, 6 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर अब बदल रहा है, और यह बदलाव स्थायी होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि बस्तर के लोग अब नक्सलवाद से मुक्ति चाहते हैं और विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन इस जनभावना के प्रतीक हैं।नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई केंद्र और राज्य की प्रतिबद्धतामुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को समाप्त करने का संकल्प लिया है। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल के जवानों की मजबूत कार्रवाई के कारण निरंतर सफलता मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आशा जताई कि मां दंतेश्वरी की कृपा से यह संकल्प अवश्य पूरा होगा।


बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत का संगम मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर एक प्राकृतिक स्वर्ग है दृ यहां अनेक जलप्रपात और अबूझमाड़ के घने जंगल हैं। यहां फिर से देश-दुनिया के पर्यटक आएँगे और बस्तर को उसका गौरवमय स्थान मिलेगा। बस्तर पंडुम में 47 हजार कलाकारों और बस्तर ओलंपिक में 1.65 लाख युवाओं की भागीदारी इस परिवर्तन की सबसे बड़ी गवाही है।

''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' का प्रतीक बना बस्तर पंडुम-मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर पंडुम ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' के सपने को साकार किया है। इस आयोजन में ओड़िशा, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश जैसे 6 पड़ोसी राज्यों के 47 हजार कलाकारों ने भाग लिया। इस उत्सव में आदिवासी संस्कृति, वेशभूषा, खानपान और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन हुआ। डबल इंजन सरकार की योजनाएँ बदल रही हैं जिंदगी मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले 15 महीनों से राज्य में डबल इंजन की सरकार है। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों से जुड़ी योजनाएँ, और 70 लाख माताओं और बहनों को हर महीने 1000 रुपए देने वाली महतारी वंदन योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है।प्रधानमंत्री जनमन योजना से आदिवासी समुदायों को नया जीवन मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएम जनमन योजना के माध्यम से अबुझमाड़िया, कोरवा, बिरहोर, पंडो जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों तक सड़क, बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं पहुँचाई जा रही हैं।धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना-80,000 करोड़ की ऐतिहासिक पहल मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 6,500 जनजातीय गांवों में सर्वांगीण विकास होगा। यह योजना ग्रामीण समृद्धि और सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम है।नियद नेल्लानार योजना- सुरक्षा से सेवा तक का सफर मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि 100 से अधिक गांवों में सुरक्षा कैंप खोले जा चुके हैं। इन कैंपों के माध्यम से सड़क, बिजली, पानी, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, और स्कूल-अस्पताल जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं उन्होंने कहा कि जहां पहले गोलियों की आवाज आती थी, अब वहां स्कूल की घंटी बज रही है।छत्तीसगढ़ का भविष्य- समृद्धि, शिक्षा और शांति मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास जताया कि जल्द ही छत्तीसगढ़ नक्सलवाद मुक्त होगा और एक विकसित, खुशहाल राज्य के रूप में प्रतिष्ठित होगा। हर घर में खुशहाली और समृद्धि आएगी।

बस्तर पंडुम- सांस्कृतिक समरसता का महोत्सव मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर पंडुम आयोजन 45 दिन चला और ब्लॉक से लेकर संभाग स्तर तक इसका आयोजन हुआ है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस आयोजन में शामिल सभी कलाकारों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर बदल रहा है, और यह बदलाव सरकार के प्रयासों के साथ ही जनता के विश्वास का परिणाम है।उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह केवल दिल्ली से नीतियाँ नहीं बनाते, वे बस्तर की पीड़ा को महसूस करने स्वयं यहां आते हैं, पीड़ितों से मिलते हैं, उनके साथ भोजन करते हैं। यह बस्तर के प्रति सच्ची संवेदना और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में बस्तर की मिट्टी से जुड़ा हुआ बताया और कहा कि उनके नेतृत्व में आज सड़क, बिजली, पानी, मोबाइल टावर, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी, सिंचाई जैसी सुविधाएं तीव्र गति से गांव-गांव पहुँच रही हैं। उपमुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर पंडुम में जनजातीय समाज की वस्त्र, वाद्ययंत्र, भोजन, लोकगीत, पारंपरिक जीवनशैली की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान भी प्राप्त हुआ है। यह पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय हैकृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि यह दिन बस्तर के लिए इतिहास रचने का दिन है। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में ही जनघोषणा पत्र के वादों को वास्तविकता में बदला जा रहा है और जनजातीय समाज को मुख्यधारा में लाने के प्रयास किए जा रहे है ।

## बिजली विभाग की लापरवाही से पुसमीपारा में दर्दनाक हादसा

**सुकमा,6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बिजली विभाग की लापरवाही के कारण एक 11 वर्षीय बच्ची इंदु बघेल गंभीर रूप से झुलस गई। इंदु बघेल, जो ग्राम पांडुम की रहने वाली है, पिछले 4 साल से सुकमा में शिल्पा मंडावी के घर रहकर पढ़ाई कर रही है, इस दुर्घटना का शिकार हुई है। जानकारी के अनुसार, बिजली खंभे का तारा खेत के ऊपर से गुजर रहा था, और विभाग को कई बार इस बारे में सूचना दी गई थी, लेकिन कोई सुधार नहीं किया गया, जिससे यह दर्दनाक घटना घटी।बिजली विभाग की लापरवाही से हुई इस घटना के लिए विभाग जिम्मेदार है।इंदु के हाथ को गंभीर चोटें आईं, और उसे तुरंत सुकमा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ऑपरेशन कर के इलाज किया गया है। स्थानीय लोग इस दुर्घटना को विभाग की गंभीर लापरवाही मानते हैं और उनका कहना है कि इस हादसे के लिए बिजली विभाग को कड़ी से कड़ी जिम्मेदारी तय करनी चाहिए।अब सवाल उठता है कि क्या प्रशासन इस लापरवाही को नजरअंदाज करेगा, या इस पर सख्त कदम उठाएगा ।



## महेश कुंजाम का मेला में स्वागत



**सुकमा,6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष- महेश कुंजाम अपने निर्वाचित क्षेत्र क्रमांक 03 कुकानार के कोकावाडा आश्रित ग्राम जांगरपाल मेला में पहुंचे, इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए क्षेत्रीय पारंपारिक नृत्य एवं बाजे गाजे के साथ तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया, इसके बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया ,और समस्त पार्टी कार्यकर्ताओ से भी मिलकर चर्चा की ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम को मेला आयोजक समिति के व्दारा प्रमुख शियानो के हाथो गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस इस अवसर पर छिंदगढ़ जनपद उपाध्यक्ष दुर्गा मंडावी तथा अधिवक्ता उमेश मरकाम, अधिवक्ता गोंचू पोडियम महेश नुपो, प्रफुल्ल मरकाम गांव के पुजारी बुदू नाग पेरमा , और नीला राम नाग उपस्थित रहे।

## आरटीओ ने सरकारी गाड़ी से कई वाहनों को ठोंका



**सुकमा,6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गत पांच अप्रैल की शाम आरटीओ ने सरकारी वाहन क्रमांक सीजी 27 पी 9099 से कई मोटर सायकलों व चार पहिया वाहनों को टक्कर मार दिया। इससे ये वाहन क्षतिग्रस्त हो गए है। वाहन को खुद आरटीओ चला रहे थे। सरकारी वाहन भी सामने से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस दौरान भारी भीड़ एकत्र हो गई थी। आरटीओ ने वाहन मालिकों से कहा कि वह उनकी गाड़ियों को बनवा देगा बताया जाता है कि आरटीओ नशे में था।

## बालक आश्रम में पेयजल संकट



**सुकमा,6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सौर उर्जा सिस्टम एक वर्ष से खराब है। इस कारण मरईगुड़ा बालक आश्रम में जल संकट है। पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। आश्रम अधीक्षक रमेश ने बताया कि सौर उर्जा खराब होने की जानकारी विभाग को कई बार दी जा चुकी है। पानी की आपूर्ति नहीं होने से बच्चों को भारी परेशानी हो रही है।

## दन्तेवाड़ा जिले के पालनार मार्ग में हुई सड़क दुर्घटना की महेश कुंजाम ने निंदा की

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ने सड़क दुर्घटना की निन्दा करते हुए कहा कि आज केन्द्रीय गृह मंत्री अमीत शाह की सरकारी कार्यक्रम में जा रहे ग्राम पोटाली के आदिवासी ग्रामीणों से भरी पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलटने से ग्रामीण गंभीर रूप से गायल हुए, इसका जिम्मेदार शासन व प्रशासन है, शासन प्रशासन पर मेरा आरोप है कि आदिवासियों को कभी भी भेड़- बकरी जानवरो कि तरह ट्रको पिकअप जैसे माल गाड़ियों में ठूंस-ठूंस कर ले जाते है ।

आदिवासी लोगों पर कोई सम्मान चीज का नाम नही है, इसलिए शासन व स्थानीय प्रशासन इसका जिम्मेदार है, इसमे सीधा दिखता है कि केवल आदिवासियो की हित के नाम से शासन या प्रशासन स्वयं अपनी कद बढ़ाने आदिवासियो को जान जोखिम मे डाल देती है। आदिवासी ग्रामीण हमेशा अपनी जिन्दगी मजदूरी कर जीवनयापन करते है, हर परिवार मे काम करके अपना जीवन व्यतीत करते है परिवार चलाते है,किसी परिवार में एक सदस्य का साथ घट जाय तो जीवन कठिनाई बढ़ जाती है इसलिए हमारी मांग है जितने भी लोग घायल है, उन्हे पुरा ईलाज शासन करे और उनके परिवार को उचित मुआवजा और प्रत्येक घायलो के परिजनो को प्रतिदिन की मजदूरी के हिसाब से जब तक ठीक नही होगे तब तक का राशि दिया जाए।

रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



प्रताप चंद्रवंशी
बीजेपी वरिष्ठ नेता कवर्धा

रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



लक्की चंद्रवंशी
पूर्व डायरेक्टर
भोरमदेव शक्कर कारखाना

रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू
जिला पंचायत कबीरधाम सभापति

तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
प्रगति पथ पर बढ़ता रहे प्रभु श्रीराम
का आशीर्वाद मार्ग प्रशस्त करे



स्व. बृजजीवन राय



राहुल बृजजीवन राय
युवा नेता, भिलाई

प्रशान्त राय
महासचिव - छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ
एक्ज्युकेटिव मेम्बर - भारतीय कुश्ती संघ, नई दिल्ली

रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



अशोक साहू
पूर्व विधायक-कवर्धा

रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



आनंद चंद्रवंशी
बिजनेस मैन एवं समाजसेवी-कवर्धा

रामनवमीं व तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



रूपेश जैन
जिला कोषाध्यक्ष-भाजपा
कबीरधाम

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार प्रगति पथ पर
बढ़ता रहे प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद मार्ग प्रशस्त करे




मांगीलाल सोनी
पूर्व अध्यक्ष -जवाहर मार्केट व्यापारी संघ
कैम्प-2 भिलाई

-सौजन्य-

प्रदीप सोनी

प्रदीप ज्वेलर्स
जवाहर मार्केट, भिलाई

तरुण छत्तीसगढ़ पर भगवान श्रीराम की कृपा बनी रहे
स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ की जनता का
शत् शत् नमन
श्री रामनवमी, गुड़ी पड़वा, उगादी,चेट्रीचँड, महावीर-हनुमान
जयन्ती पर भिलाई नगर निगम क्षेत्र की जनता का
शत्-शत् अभिनन्दन..



श्रीमती अनिता अग्रवाल
राष्ट्रीय अध्यक्ष- अ.भा. अग्रवाल महिला सम्मेलन
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य- अ.भा. अग्रवाल सम्मेलन
चार्टेड प्रेसिडेन्ट लायनेस क्लब भिलाई ग्रेट एवं वरिष्ठ समाजसेविका


सत्यनारायण अग्रवाल
भाजपा नेता
पूर्व साडा अध्यक्ष भिलाई-दुर्ग
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष-लघु उद्योग भारती छ.ग. प्रदेश

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
प्रगति-पथ पर बढ़ता रहे..
स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं पर
जामुल नगर पालिका क्षेत्र की जनता का
शत्-शत् अभिनन्दन व बधाई..



मा.नरेन्द्र मोदी जी | मा.डॉ.रमन सिंह जी | मा. विजय बघेल जी | मा. प्रेमप्रकाश पाण्डेय जी | मो.डोमनलाल कोर्सेवाड़ा जी | मा. अजय बघेल जी | मा.मनीष पाण्डेय जी

श्रीराम जन्मोत्सव समिति
भिलाई-जिला (छ.ग.)



रेखराम बंछोर
पूर्व अध्यक्ष/पार्षद
नगर पालिका परिषद जामुल
जिला उपाध्यक्ष-श्रीराम जन्मोत्सव समिति
भिलाई-छ.ग.

हलधर साहू
सांसद प्रतिनिधि-नगर परिषद-जामुल
अध्यक्ष-श्रीराम जन्मोत्सव समिति,जामुल



अरुण सिंह | प्रिया गुप्ता | प्रशांत बंटी गुप्ता,मंडल अध्यक्ष | नूतन वर्मा,महामंत्री जामुल मंडल | सरस बर्मन | मेघनाथ साहू | रामबिलाश पटेल | रामलाल नायक



भगवान सिंह चौहान | कुलेश्वर वर्मा | दीपक सिंग | ध्रुवकेश मौर्य | रामचंद्र साहू | संजय मानिकपुरी | ओमप्रकाश साहू

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति फड़ मुंशी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# तेंदूपत्ता प्रबंधकों की हड़ताल को फड़ मुंशी संघ नहीं देगा समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 6 अप्रैल।** फड़ मुंशी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक प्रांताध्यक्ष गोपालराम सिन्हा की अध्यक्षता में गुरू घासीदास सांस्कृतिक भवन न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में सम्पन्न हुआ। रमेश यदु को प्रांतीय संयोजक नियुक्त किया गया तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

भाजपा सरकार, विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में किए गए वादे बिंदु क्रमांक -11 के तहत कमिशन के अतिरिक्त तेंदूपत्ता प्रति फड़ मुंशी 25000/रूपए सालाना दिया जाय। तेंदूपत्ता फड़ मुंशीयो की प्रतिवर्ष नियुक्ति बंद किया जाए। तेंदूपत्ता प्रबंधकों के हड़ताल को हमारे संघ द्वारा समर्थन नहीं दिया जायगा। आगामी 10 अप्रैल को बस्तर सम्भाग के फड़मुंशियों की बैठक कोंडागांव में होगी जिसमें आगामी रणनीति तैयार किया जाएगा। आगामी दिनों में जिला मुख्यालय नारायणपुर में सरकार से घोषणापत्र के वादे पूरे करने की मांग को लेकर विशाल जनसभा आयोजित किया जाएगा जिसमें माननीय वन मंत्री केदार कश्यप जी को आमंत्रित किया जायगा। बैठक में सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ीया सर्व समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु को प्रांतीय संयोजक नियुक्त किया गया है।

बैठक में उपस्थित रहे छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के प्रदेश महासचिव उमाकांत वर्मा जी,



प्रदेश सहसचिव एवं भाजपा नेता विनोद भारती के अलावा प्रांतिय पदाधिकारी गण - अध्यक्ष गोपाल राम सिन्हा, संरक्षक विनोद सिन्हा, प्रांत सचिव आशाराम शिव, प्रांत सहसचिव मकुंद चंद्रवंशी, प्रांत कोषाध्यक्ष गणेश राम ध्रुव, प्रांत उपाध्यक्ष रजनी पैकरा, मिडिया प्रभारी चेतन गोस्वामी, सनत कुमार ध्रुव, ईश्वर राम यादव, प्रमिला, वासुदेव साहू, पियाराम सिन्हा, चैनसिंह वैद्य, रतन सिंह नाग, प्रशांत मरकाम, सुकदेव नेताम, बरातूराम नेताम, कामेश्वर पटेल, खेमराज यादव, नवल-किशोर यादव, ओमप्रकाश नेताम, विनोद मांझी, श्रीधर सेठीया, साहनी राम कलुंगा, लखन यादव, सुकुराम मोडिया, सुरजीत सेठिया, सुरेश कुमार बेक, संगीतराम यादव, मन्नूराम नाग, रामूशोरी, जागेश्वर मरकाम, गजेन्द्र कुमार मांझी, भुजबल मरकाम, के साथ और भी सैकड़ों पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर आगे की रणनीति पर विचार किया।

इस अवसर पर नवनियुक्त प्रांत संयोजक रमेश यदू ने कहा जब तक हमारे तेंदूपत्ता फड़ मुंशी संघ की मांग पुरा नही होगा तब तक हमारा प्रयास जारी रहेगा। सर्व समाज महासंघ के पदाधिकारी एवं प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश संरक्षक विनोद भारती ने कहा कि वर्तमान में 7200/रूपए सालानाअर्थात 600/प्रतिमाह प्रति फड़ मुंशी को मानदेय दिया जा रहा है जो आज की मंहगाई में बहुत ही कम है आज की बैठक में फड़मुंशीयो की जायज मांगों को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराया जाएगा। प्रांताध्यक्ष गोपालराम सिन्हा ने कहा इस पर वन मंत्री केदार कश्यप से कई दौर की चर्चा हुआ है, मंत्रालय के उच्च अधिकारियों की बैठक में भी विचार विमर्श किया गया है पर अब तक आदेश जारी नहीं किया गया है जिसके लिए उपरोक्त निर्णय लिया गया है।मंच संचालन प्रांत संरक्षक विनोद सिन्हा ने किया, मंचस्थ पदाधिकारियों एवं उमाकांत वर्मा ने भी संघ के मांगों का समर्थन किया। उपस्थित सभी सदस्यों को प्रांताध्यक्ष के द्वारा आभार धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### विभिन्न पंचायतों में पानी की समस्या को लेकर सीईओ से मिला सरपंच संघ



**भाटापारा, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत भाटापारा के विभिन्न ग्राम पंचायतो मे पानी के समस्या को लेकर सरपंच संघ द्वारा जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा से मुलाकात किया गया जिसमें बंद पडे बोरपंपो के मरम्मत, व नलों कनेक्शन के लिये पाईप लाईन विस्तारीकरण को लेकर बाते रखी गई जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा ने पीएचई विभाग व उच्च अधिकारियों को उक्त समस्या से अवगत कराकर जल्द समाधान निकाले जाने हेतु आशवासन दिया गया सरपंच संघ के अध्यक्ष संकेत अग्रवाल ने भीषण गर्मी मे गिरते भूजल के स्तर व विभिन्न ग्राम पंचायत क्षेत्रों मे उनसे होने वाली समस्याओं को देखते हुये आम ग्रामवासियों से अपील किया है कि भीषण गर्मी मे बोरखनन नही करे व पानी का दुरुपयोग से बचे ताकि पानी के समस्याओं से कुछ हद निपटा जा सके जिसमे सबका सहयोग अतिअवश्यक है।

### महुआ शराब बिक्री करने वाले 2 युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पलारी, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 4 अप्रैल को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम जंगलोर एवं बलौदी में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब की बिक्री करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 7000 कीमत मूल्य का कुल 35 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम हरि गोपाल कुर्रे उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बलौदी थाना पलारी, संदीप खंडेलवाल उर्फविद्याचरण उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम जंगलोर थाना पलारी है।

## एक नजर

### सुशासन तिहार-2025: तीन चरणों मे होगा आयोजन



**बलौदाबाजार, 6 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले मे 8 अप्रैल से सुशासन तिहार क़ा आयोजन होगा। यह तिहार सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण मे 8 से 11 अप्रैल तक आवेदन प्राप्त किये जायेगे, द्वितीय चरण मे प्राप्त आवेदनों क़ा निराकरण एवं तृतीय चरण 5 से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित होंगे जिसमें आवेदको क़ो उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित भी किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज जिले मे सुशासन तिहार की तैयारी क़ो लेकर एसडीएम, जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नोडल अधिकारीयों की ऑनलाइन बैठक लेकर युद्धस्तर पर तैयारी मे जुट जाने के निर्देश दिये।इस दौरान सीईओ जिपं दिव्या अग्रवाल भी उपस्थित थीं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार जिले मे सुशासन तिहार क़ा आयोजन किया जाएगा जिसमें ग्रामीण एवं नगरीय निकाय क्षेत्र की समस्याओं क़ो बारिश से पहले निराकरण सुनिश्चित्त करना है। सुशासन तिहार के सफ्ल आयोजन हेतु पंचायत, क्लास्टर, विखं व जिला स्तर पर अधिकारियों क़ो जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने सुशासन तिहार के प्रथम चरण अंतर्गत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी रखने के सम्बन्ध मे निर्देशित किया कि समाधान पेटी सभी ग्राम पंचायतों, सीएससी, विखं मुख्यालयों, नगरीय निकायों के सभी वार्डो, बाजारों, तथा जिला स्तर पर संयुक्त जिला कार्यालय मे संचालित सम्पर्क केंद्र मे समाधान पेटी रखा जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 7 अप्रैल तक

**बलौदाबाजार, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत धाराशिव केन्द्र क्रमांक-02 में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे। परियोजना स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना धाराशिव केन्द्र क्रमांक-02 आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए सूची जारी क़ी गई है। वरीयता सूची के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति करनी है तो समस्त दस्तावेज सहित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन में 7 अप्रैल 2025 तक व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

जनपद पंचायत कृषि सभापति के चुनाव में हुआ विवाद

# विधायक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किया राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 6 अप्रैल।** शुक्रवार 4 अप्रैल को जनपद पंचायत चारामा में स्थायी समिति के तहत कृषि सभापति का चुनाव जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया था जिसमें कांग्रेस पार्टी के जनपद सदस्य को 08 वोट एवं उसके प्रतिद्वंदी भाजपा के जनपद सदस्य को 7 वोट मिले वही 02 वोट को निरस्त घोषित किया गया।

इस प्रकार रमशिला मंडावी को स्पष्ट बहुमत हासिल हो गया जिसके बावजुद भी अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा रमशिला मंडावी को विजयी घोषित नही किये से नाराज होकर कांग्रेस पार्टी के विधायक सावित्री मंडावी अपने पार्टी के सभी जनपद सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सभाकक्ष के सामने धरना प्रदर्शन करने लगें। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नही मिलने के



बाद शाम को लगभग। बजे सभी कांग्रेसी इकठ्ठे होकर नगर के कोरर चैक स्थित नेशनल हाईवे पर धरना प्रदर्शन करते हुए एवं नारेबाजी करते हुए एसडीएम को बुलाने लगे और पूरे सड़क को घेरकर बैठ गये जिससे चक्का जाम की स्थिति निर्मित हो गई। नेशनल हाईवे पर अचानक हुए इस चक्का जाम के कारण उस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा वही हाईवे पर दोनो ओर गाडियों की लंबी लाईने लग गयी।

चक्का जाम हो जाने के बाद एसडीएम ने धरना स्थल पर आकर प्रदर्शन कर रहे लोगो से बातचीत कर उन्हें रमशिला मंडावी को विजयी घोषित करते हुए धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम समाप्त करने की बात कहीं जिसके बाद नेशनल धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ और करीब आधे घंटे से बंद नेशनल हाईवे पर आवागमन पुनः बहाल हो गया।

## अल्ट्राटेक बैकुंठ में दुर्गाष्टमी पर हुआ हवन-पूजन, कन्या भोग, भंडारा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट मे इस वर्ष चौथी बार जोत जवारा की स्थापना किया गया है। जिसमे 123 जोत जलाये गये हैं। इस अवसर यहां रोज माता रानी की सुबह शाम विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की जारही है। बता दे कि आज यहां दुर्गाष्टमी मनाया गया। जिसमे अवसर पर विशेष हवन-पूजन किया गया। वही देवी के रूप में क्वारी कन्याओं की पूजा, श्रृंगार कर, भेट देकर अपने अपने हाथो से भक्तो ने भोग कराये। जिसमे इस अवसर पर अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के फंक्शन हैड टेक्निकल राजिव सिंगल सपत्नीक मुख्य यजमान के रूप मे विराजमान रहे। साथ ही एच आर फैक्शनल हैड देवाशीष राय चौधरी, फैक्शनल हैड वित्त सुनंदा बासु, फंक्शन हैड माइंस ए के सिन्हा सपत्नीक, के आलावा विभाग प्रमुखों मे विवेक बघेल सपत्नीक, ई आर हैड उदय लाल सपत्नीक, अशोक मिश्रा के साथ सभी विभाग प्रमुख व सेक्शन हैड की उपस्थिति रही। इस अवसर पर भोग भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमे भक्तो ने माता रानी को भोग-प्रसादी अपने हाथो से बने प्रसाद चढाये। जिसे महाप्रसाद के रूप मे वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी देवी भक्तो के साथ अधिकारियो कर्मचारियों, कालोनीवासीयो एवं क्षेत्रवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कल 6 अप्रैल को यहां माता रानी की विसर्जन यात्रा सुबह 9 बजे से निकाली जायेगी।

## सीमेंट की बोरियां चोरी करने के आरोप में 4 लोग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 6 अप्रैल।** प्रार्थी निखिल साहू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 3 अप्रैल की रात्रि 11:30 बजे न्यू विस्टा संयंत्र रिसदा से ट्रक क्र. CG-22-H-1089 में 600 बोरी सीमेंट लोड कर पत्थलगांव रायगढ़ के लिए निकला था, कि रात्रि होने से ग्राम बम्हनमुडी (पनगांव) मेन रोड में ट्रक खड़ी कर सोने चला गया। हेल्पर महेंद्र कुमार ट्रक में सोया हुआ था। कि प्रार्थी जब सुबह 06:00 बजे जाने के लिए ट्रक के पास आया, तो देखा ट्रक के नीचे सीमेंट का डस्ट गिरा हुआ था। तब ट्रक के ऊपर चढ़कर प्रार्थी ने देखा तो ट्रक में लोड सीमेंट बोरी एक छल्ली 39 नग गायब था, जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 341/2025 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे



पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा सीमेंट लोड गाड़ी रोड में खड़ा होने से आरोपियों द्वारा बारी-बारी से अपने-अपने साइकिल में भरकर सीमेंट की बोरियों को चोरी कर लेना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपियों से चोरी का कुल 39 बोरी सीमेंट कीमती लगभग 10, 000 बरामद किया गया है तथा प्रकरण में सभी चारों आरोपियों को 4 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम दिलहरण यादव निवासी ग्राम बम्हनमुडी (पनगांव), लीलाराम यादव निवासी ग्राम बम्हनमुडी (पनगांव), हीरालाल यादव निवासी ग्राम बम्हनमुडी (पनगांव), लक्ष्मण निषाद निवासी ग्राम बम्हनमुडी (पनगांव) है।

### नाम परिवर्तन

मैं श्रीमति द्रोपती साहू पति सीताराम साहू निवासी ग्राम सिवनीकला पो. मोहारा चौकी थाना मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम द्रोपती साहू पिता तुकाराम अंकित हैं एवं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कुमारी बलि साहू पिता तुकाराम अंकित हैं जो कि मैं अपने विवाह उपरांत अपना सही व स्पष्ट नाम श्रीमति द्रोपती साहू पति सीताराम साहू निवासी ग्राम सिवनीकला पो. मोहारा थाना चौकी मोहारा- तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव परिवर्तन किये जाने से नया नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचना जाने।**

**भवदीय**
**(श्रीमति द्रोपती साहू)**

### नाम परिवर्तन

मैं परमानंद वर्मा पिता हीरालाल वर्मा निवासी ग्राम रीवागहन पो. देवकट्टा थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम परमानंद वर्मा पिता हीरालाल वर्मा अंकित हैं एवं मेरे आधार कार्ड, में मेरा नाम परमा वर्मा पिता हिरालाल वर्मा अंकित हैं जो कि मैं अपना नाम परमानंद वर्मा पिता हीरालाल वर्मा परिवर्तन किये जाने से नया नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचना जाने।**

**भवदीय**
**(परमानंद वर्मा)**

### नाम परिवर्तन

मैं श्रीमति एजन मंडलोई पति संतोष सिंह मंडलोई निवासी ग्राम मोतीपुर पो. मोतीपुर थाना डोंगरगढ़ तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम श्रीमति एजन मंडलोई पति संतोष सिंह मंडलोई अंकित हैं एवं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम एजान मंडलोई पति संतोष सिंग मंडलोई अंकित हैं जो कि मैं अपना सही व स्पष्ट नाम श्रीमति एजन मंडलोई पति संतोष सिंह मंडलोई परिवर्तन किये जाने से नया नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचना जाने।**

**भवदीय**
**(श्रीमति एजन मंडलोई)**

### नाम परिवर्तन

मैं राकेश कुमार पिता रोशन कुमार निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 15 डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम राकेश कुमार पिता रोशन कुमार अंकित हैं एवं मेरे आधार कार्ड, बैंक खाता, पेन कार्ड में मेरा नाम राकेश साहू पिता रोशन साहू अंकित हैं जो कि मैं अपना नाम राकेश कुमार पिता रोशन कुमार परिवर्तन किये जाने से नया नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचना जाने।**

**भवदीय**
**(राकेश कुमार)**

स्कूली बच्चों के समर कैम्प में शामिल हुए खेल मंत्री, कलेक्टर -एसपी ने बच्चों को कैरियर के लिए दिये जरूरी टिप्स

# बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : टंकराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 अप्रैल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार क़ो स्कूल शिक्षा तथा एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे जिला ऑडिटोरियम मे स्कूली बच्चों के आयोजित समर कैम्प एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं क़ो रोजगार, खेल के क्षेत्र मे सुविधाएं के साथ ही कला, साहित्य, संस्कृति के क्षेत्र मे फ़ोकसा कर उनके चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश के 3 युवाओं क़ो दिल्ली मे युवा संसद प्रतियोगिता मे भाग लेने का अवसर मिला। युवाओ क़ो दिशा और अवसर देने की जरूरत है। उन्होने कहा कि आज खेल के क्षेत्र मे बहुत अवसर है। खेल मे रोजगार के अवसर के साथ ही देश प्रदेश का नाम रोशन करने का गौरव हासिल होता है।राज्य सरकार हर जिले मे खेल संसाधनों मे निरंतर वृद्धि कर रही है।



इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने बच्चों क़ो बेहतर कैरियर के लिए महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयरी स्कूली शिक्षा से ही शुरू हो जाता है। लक्ष्य तय कर आत्मविश्वास के साथ तैयारी करना जरुरी है। कुछ करने की ठान लेने से वह जरूर मिल जाता हैं। उन्होंने कहा कि कई बार मार्गदर्शन नहीं मिल पता है जिससे सही निर्णय कर पाने मे कठिनाई होती है। निश्चय कर लेने से संसाधन की कमी नहीं रोक पाती हैं। आज डिजिटल प्लेट फ़ार्म पर अध्ययन की कई सुविधाएं उपलब्ध है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्य पर ध्यान देना बहुत जरुरी हैं। आज के दौर मे सोशल मीडिया का सही उपयोग, दोस्तों एवं वातावरण भी चुनौती। इन सबसे पार पाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि बिना लक्ष्य तय किये मंजिल नहीं मिलती। चुनौती बहुत हैं लेकिन उनका सामना करने की हिम्मत रखना होगा। जिस फिल्ड मे जाना चाहते हों उसके टॉप मे पहुँचने का लक्ष्य रखें।

डीएफ़ओ मयंक अग्रवाल एवं सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने भी अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के जिज्ञासाओ क़ो भी शांत किया गया।इस अवसर पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजताओं क़ो चेक एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण अंतर्गत तीन शिक्षकों क़ो ज्ञानदीप सम्मान से सम्मनित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी साहित्य अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक, एवं बड़ी संख्या मे स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र. 202503092100037**
**अ/6 वर्ष 2024-25**

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक चरणजीत सिंह पिता स्व. रवेल सिंह जाति सिक्ख एवं अन्य 03 निवासी पुजारी गली वार्ड नं. 13. बुधवारी पारा, डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक 1 से 3 के पिता तथा आवेदक क्र. 4 के पति रवेल सिंह आ. लाल सिंह के नाम पर नजूल शहर डोंगरगढ़ में शीट क्र. 6 भूखंड क्र. 1867/3 क्षेत्रफल 2280 वर्गफुट भूमि स्थित है। जिस पर मकान बना हुआ है। रवेल सिंह आ. लाल सिंह की मृत्यु दिनांक 18/09/2004 को हो चुकी है। रवेल सिंह आ. लाल सिंह की मृत्यु के पश्चात् उनकी उपरोक्त संपत्ति के एकमात्र उत्तराधिकारी उपरोक्त आवेदक एवं अनावेदकगण है। रवेल सिंह का फौती दर्ज कर उनके राजस्व अभिलेख में उनके वारिसान क्रमशः पत्नी पी.सी.भाटिया, पुत्र चरणजीत सिंह, पुत्र दविन्दर सिंह भाटिया, पुत्र तजिन्दर सिंग का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति, तलवाना, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, नजूल संधारण खसरा की प्रति पेश किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 21/04/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र. 202503092100036**
**अ/6 वर्ष 2024-25**

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक एरिक मेरी गेब्रियल पिता जोसेफ गेब्रियल जाति-इसाई, उम्र 52 वर्ष, निवासी-भगत सिंह वार्ड नं. 19. डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका ने अनावेदक की भूसंपत्ति नजूल शहर डोंगरगढ़ भगत सिंह वार्ड नं. 19 स्थित भूमि मकान शीट क्र. 02. भूखंड क्र. 731 क्षेत्रफल 24×36=864 वर्गफुट को पंजीकृत बयनामा के माध्यम से दिनांक 20/01/2025 को कुल 9,00,000/- रु. में क्रय की है। उक्त भूमि मकान पर आवेदिका को कब्जा प्राप्त हो चुका है। वर्तमान में उक्त मकान पर आवेदिका का कब्जा है। आवेदिका द्वारा क्रय की गयी उक्त भूमि मकान का प्रमाणीकरण कर राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने हेतु आदेश प्रदान करने का निवेदन किया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, विक्रय पत्र की छायाप्रति, पेश किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 21/04/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पंचायत चारामा,**
**जिला-उत्तर बस्तर, कांकेर (छ.ग.)**
**E-mail-cmocharama@gmail.com**
**Phone & Fax No. 07868263209**

क्रमांक/01/PMAY-U/न.पंचा./2025
चारामा, दिनांक. 01.04.2025

**-::दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना::-**

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक/7540/7241/2024/18 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 13.11.2024 प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अन्तर्गत हितग्राहियों के आवेदन पत्रों पर नगर पंचायत चारामा द्वारा हितग्राहियों से आवेदन पत्र प्राप्त कर गठित सर्वेक्षण टीम द्वारा सत्यापन किया गया एवं डी.पी.आर. पट्टा धारियों का कुल 27 प्रथम सूची तैयार की गई।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो तीन दिवस के भीतर नगर पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज आपत्ति दर्ज करायी जा सकती है। उक्त तिथि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

**सूचना जाने।**

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चारामा**
**जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26